दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 14 | अंक : 231 | जयपुर | बुधवार, 26 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


भाटी के बयान पर राजेन्द्र राठौड़ का पलटवार

## कस्वां इतने बड़े नेता नहीं कि उनका टिकट कटने से 5 सीट प्रभावित हों

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता देवीसिंह भाटी ने दो दिन पहले लोकसभा चुनाव में हार के लिए टिकट वितरण और राजेन्द्र राठौड़ को जिम्मेदार ठहराया था। मंगलवार को राजेन्द्र राठौड़ ने उनके बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वे ताजा-ताजा पार्टी में आए हैं। उनका यकायक ज्ञान बढ़ गया है। राहुल कस्वां अभी इतने बड़े नेता नहीं हैं कि उनका टिकट कटने मात्र से पांच-पांच सीट प्रभावित हों।

राठौड़ ने मंगलवार को अलवर भाजपा कार्यालय में आयोजित आपातकाल और लोकतंत्र की हत्या कार्यक्रम में शिरकत की थी। उन्होंने कहा कि टिकट देना, नहीं देना संसदीय बोर्ड तय करता है। टिकट जिसे भी मिलता, वे उसके लिए काम करते। चाहे राहुल कस्वां हो या कोई और। बीजेपी ने कस्वां परिवार को 14 बार लोकसभा, विधानसभा, जिला प्रमुख और प्रधान का टिकट दिया। एक बार टिकट नहीं मिला और राहुल गांधी की गोद में जाकर बैठ गए।

### राजनीति संभावनाओं का खेल

राठौड़ ने कहा कि राजनीति संभावना का खेल है। इस बार राजस्थान में सीट कम होने का कारण अलग है। कई बार नारों पर कुछ लोग विश्वास कर लेते हैं। जैसे इस बार आरक्षण और संविधान बदलने की झूठी बातें फैलाई गईं। किसान आंदोलन का पार्टी को कुछ नुकसान हुआ है। इन सब पर आलाकमान ने विश्लेषण किया है। संसदीय चुनाव में एक सीट का चुनाव अहम नहीं है।

दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए हैं। वहीं, भजनलाल शर्मा जैसे संगठन के कार्यकर्ता को सीएम बना दिया।

## पोर्श एक्सीडेंट केस में नाबालिग को जमानत

### अपराध चाहे कितना गंभीर हो, आरोपी की उम्र नजरअंदाज नहीं कर सकते: बॉम्बे हाईकोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को आरोपी नाबालिग को जमानत दे दी है। साथ ही उसे बाल सुधार गृह से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हमें आरोपी के साथ वैसे ही पेश आना होगा, जैसे हम कानून का उल्लंघन करने वाले किसी और बच्चे के साथ पेश आते। फिर चाहे अपराध कितना भी गंभीर क्यों न हो।

नाबालिग आरोपी ने 18-19 मई की रात पुणे के कल्याणी नगर इलाके में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के समय आरोपी नशे में था। वह 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पोर्श स्पोर्ट्स कार चला रहा था। उसे 22 मई को बाल सुधार गृह भेजा गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह आदेश आरोपी लड़के की आंटी की तरफ से दाखिल याचिका पर दिया। पिछले हफ्ते दाखिल की गई इस याचिका में कहा गया था कि लड़के को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है। उसे तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया था कि लोगों के गुस्से और राजनीतिक एजेंडे के चलते पुलिस जांच के सही रास्ते से भटक गई। इस वजह से जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन) एक्ट का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका। याचिका पर हाईकोर्ट में 21 जून को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

### आरोपी की उम्र 18 साल से कम, उसे ध्यान में रखना जरूरी

जस्टिस भारती डांगरे और मंजुशा देशपांडे ने आरोपी को ऑब्जर्वेशन होम भेजने केजुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के आदेश को रद्द कर दिया। जजों ने कहा कि हम नाबालिग की आंटी की तरफ से दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए उसे रिहा करने का आदेश देते हैं। चाइल्ड इन कॉन्फ्लिक्ट विद लॉ (इस केस में आरोपी नाबालिग) को याचिकाकर्ता (आरोपी की आंटी) की कस्टडी में रखा जाएगा। बेंच ने यह भी नोट किया कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड का आदेश अवैध था और बिना जुरिस्डिक्शन के जारी किया गया था। एक्सीडेंट को लेकर रिएक्शन और लोगों के गुस्से के बीच आरोपी नाबालिग की उम्र पर ध्यान नहीं दिया गया। 18 साल से कम उम्र का है, उसकी उम्र को ध्यान में रखना जरूरी है।

लोकसभा सत्र में सांसद पद की शपथ का दूसरा दिन

# ओम बिरला एनडीए के लोकसभा अध्यक्ष उम्मीदवार, राजस्थान के सांसदों ने भी ली शपथ

## राहुल गांधी ने जय संविधान, ओवैसी ने जय फिलिस्तीन बोला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राजस्थान के कोटा से सांसद और पिछली बार लोकसभा अध्यक्ष रहे ओम बिरला को एक बार फिर अध्यक्ष पद के लिए एनडीए ने अपना उम्मीदवार घोषित किया हे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का मंगलवार को दूसरा दिन शपथ के नाम रहा तथा लोकसभा अध्यक्ष के लिए नामांकन भरे गए। कांग्रेस ने भी अपना उम्मीदवार उतार कर चुनाव तय कर दिया है। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसद पद की शपथ के बाद जय फिलिस्तीन का नारा लगाया। राहुल गांधी ने जय हिन्द, जय संविधान कहा। वहीं, बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने हिन्दू राष्ट्र की जय का नारा लगाया। लोकसभा स्पीकर को लेकर भी पक्ष-विपक्ष के बीच टकराव बढ़ गया है। एनडीए प्रत्याशी ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस ने के. सुरेश को प्रत्याशी बनाया है। दोनों प्रत्याशियों ने दोपहर 12 बजे से पहले नॉमिनेशन फाइल किया। स्पीकर पद के लिए 26 जून को सुबह 11 बजे वोटिंग होगी। हालांकि के. सुरेश की दावेदारी पर ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने नाराजगी जताई है। पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा- हमसे इस बारे में कोई संपर्क नहीं किया गया, कोई बात नहीं हुई। दुर्भाग्य से ये एकतरफा फैसला है। अभिषेक के बयान पर राहुल ने कहा- जय संविधान। राहुल गांधी ने कहा- कांग्रेस अध्यक्ष के पास स्पीकर के समर्थन के लिए राजनाथ सिंह का फोन आया था। विपक्ष ने साफ कहा है कि हम स्पीकर को समर्थन देंगे, लेकिन विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलना चाहिए। राजनाथ सिंह ने दोबारा फोन करने की बात कही थी, हालांकि अब तक कॉल नहीं आया।




### बिरला जीते तो दोबारा स्पीकर बनने वाले भाजपा के पहले सांसद होंगे

एनडीए की ओर से ओम बिरला दोबारा स्पीकर पद के कैंडिडेट हैं। राजस्थान के कोटा से सांसद ओम बिरला 2019 से 2024 तक स्पीकर रह चुके हैं। वे जीतते हैं तो भाजपा के पहले ऐसे सांसद होंगे, जो लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर का पद संभालेंगे। अगर वे अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो कांग्रेस के बलराम जाखड़ के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। जाखड़ 1980 से 1985 और 1985 से 1989 तक लगातार दो बार लोकसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने अपने दोनों कार्यकाल पूरे किए थे। इनके अलावा जीएमसी बालयोगी और पीए संगमा जैसे नेता दो बार लोकसभा अध्यक्ष तो बने, लेकिन 5-5 साल के कार्यकाल पूरे नहीं कर पाए।

### मत विभाजन की मांग हुई तो कागज की पर्चियों से होगी वोटिंग

26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होना है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर विपक्ष इस चुनाव के दौरान मत विभाजन पर जोर देता है तो वोटिंग कागज की पर्चियों के जरिए की जाएगी, क्योंकि नए सदन में सदस्यों को अब तक सीटें आवंटित नहीं गई हैं। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले सिस्टम का उपयोग नहीं किया जा सकता है। संविधान विशेषज्ञ और पूर्व लोकसभा सचिव जनरल पी डी टी आचार्य के अनुसार जिस क्रम में प्रस्ताव मिले हैं, उन्हें उसी क्रम में एक-एक करके रखा जाएगा। अगर जरूरी हुआ, तो इन्हें मत विभाजन के जरिए तय किया जाएगा। अगर अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव सदन में ध्वनि मत से स्वीकृत हो जाता है, तो अध्यक्षता करने वाला अधिकारी घोषित करेगा कि सदस्य को सदन का अध्यक्ष चुना गया है। वह बाद के प्रस्ताव को वोट के लिए नहीं रखेगा। लेकिन अगर विपक्ष वोटों के विभाजन की मांग करता है, तो सदन के कर्मचारी सांसदों को पर्चियां बांटेंगे और इन पर्चियों के जरिए वोटिंग की जाएगी।



### संविधान की कॉपी लहराते हुए राहुल गांधी ने ली शपथ

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को पीएम मोदी समेत नवनिर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुआ और यह आज भी जारी है। कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने सदस्यों को शपथ दिला रहे हैं। रायबरेली से सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली।

जब शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी हाथ में संविधान की किताब लेकर पहुंचे तो पक्ष विपक्ष के सांसदों से जमकर नारेबाजी की। राहुल गांधी ने अंग्रेजी में सांसद पद की शपथ ग्रहण की वहां मौजूद सांसद भारत जोड़ो के लगे नारे लगाते हुए नजर आए। उन्होंने अंग्रेजी में शपथ ली और इस दौरान संविधान की प्रति भी दिखाई। शपथ लेने के उपरांत राहुल गांधी ने जय हिंद, जय संविधान कहा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, बहुत खुशी हुई (राहुल गांधी को शपथ लेता देखकर), अच्छा लगा देखकर कि राहुल गांधी, किशोरी लाल शर्मा, इमरान सभी ने शपथ ली।

## सीबीआई ने केजरीवाल को तिहाड़ से गिरफ्तार किया

### दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत से इनकार किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले मंगलवार दिन में दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में केजरीवाल को जमानत देने से इनकार कर दिया था। दिल्ली हाईकोर्ट के इस फैसले को लेकर कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। उससे पहले उन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को जमानत दी थी, जिसके खिलाफ ईडी ने 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने तब राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। आज हाईकोर्ट ने फैसला देते हुए कहा था कि राउज एवेन्यू कोर्ट में दलीलों पर सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए हम उसके फैसले को रद्द करते हैं।

हाईकोर्ट ने कहा कि लोअर कोर्ट के फैसले को देखकर ऐसा लगता है कि केजरीवाल को जमानत देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। अदालत



को ईडी को बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था।

उधर, आम आदमी पार्टी का कहना है, हम हाईकोर्ट के फैसले से सहमत नहीं हैं। हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। जमानत पर आदेश को इस तरह से नहीं रोका जा सकता, सुप्रीम कोर्ट ने भी कल यही कहा है। अब कल (बुधवार को) सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर फैसला होगा।

## सीकर में कॉन्स्टेबल को घूस लेते पकड़ा

**सीकर (नि.स.)।** सीकर एसीबी की टीम ने लक्ष्मणगढ़ पुलिस थाने के कॉन्स्टेबल को 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया है। एसीबी सूत्रों के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी कि उसके खिलाफ उत्तरप्रदेश के हाथरस के पुलिस थाना कोतवाली में दर्ज मामले में उत्तरप्रदेश पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल मनोज तस्दीक करने के लिए आए थे। 11 जून को लक्ष्मणगढ़ थाने का कॉन्स्टेबल रघुवीर भी उनके साथ परिवादी के पास गया। दोनों ने परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद कॉन्स्टेबल रघुवीर 7 हजार रुपए की रिश्वत लेने पर सहमत हुआ। जिसके बाद आज रघुवीर को 7 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है।






## डीग के जेसीबी मालिक का ओडिशा में नक्सलियों ने किया अपहरण, डेढ़ करोड़ की फिरौती ली

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर(नि.स.)।** ओडिशा में कंस्ट्रक्शन कंपनी से जुड़े 4 लोगों को नक्सलियों ने बंदूक दिखा बंधक बना लिया। कंपनी से फिरौती में चारों की एवज में डेढ़ करोड़ रुपए मांगे। इन चारों में एक राजस्थान के डीग जिले के पहाड़ी इलाके के गांव सामदीका का जेसीबी मालिक फैसल भी था। फैसल के भाई कय्यूम ने बताया कि कंपनी की नक्सलियों से सहमति बन गई है। कंपनी ने नक्सलियों को डेढ़ करोड़ रुपए दे दिए हैं।

उन्होंने सोमवार को चारों को छोड़ दिया है। हालांकि फैसल की जेसीबी



जंगल में है, उसका कहना है कि वह दो दिन में जेसीबी लेकर ही कंपनी पहुंचेगा। फैसल 15 साल पहले ओडिशा गया था। उसके पास 3 जेसीबी मशीन है, जिन्हें वह कंस्ट्रक्शन कंपनियों को ठेके पर देता है। खुद भी जेसीबी चलाता है। 20 जून को ओडिशा के जंगल में कंपनी की ओर से जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने का काम चल रहा था। इस दौरान 6 नक्सलियों ने फैसल और एक अन्य कर्मचारी को घेरकर गन पॉइंट पर ले लिया था। नक्सलियों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी को बंधक बने लोगों की फोटो भी भेजी थी।

कंपनी के दो मैनेजर नक्सलियों से वार्ता करने वहां पहुंचे। नक्सलियों ने उन्हें भी गन पॉइंट पर लिया और फिरौती की डिमांड पूरी करने को कहा। बताया जा रहा है कि सोमवार को कंपनी ने नक्सलियों को फिरौती की रकम देकर सभी को छुड़ा लिया। जंगल से 3 लोग लौट आए, जबकि फैसल जेसीबी लेकर आ रहा है। उसे दो दिन का समय लगेगा।

### पत्नी और बच्चे गांव में ही रहते हैं

फैसल की पत्नी और 3 बच्चे गांव में ही रहते हैं। नक्सलियों ने धमकी दी थी कि पुलिस ने हस्तक्षेप किया तो वे सभी को मार देंगे। इसलिए डीग पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी थी। कय्यूम ने बताया कि डीग में हमारी खेती बाड़ी है। हम जमीन बेचकर भी डेड़ करोड़ रुपए नहीं जुटा सकते थे। फिर भी अगर फैसल पर कोई आंच आती तो सब कुछ बेचकर भी उसे बचा लेते।


सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# न्यू सांगानेर रोड पर जेडीए की कार्रवाई : अधिक नुकसान की आशंका देखते हुए लोगों ने खुद हटाए निर्माण

## अब बुधवार को न्यू सांगानेर रोड पर चलेगा बुलडोजर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण वंदे मातरम मार्ग के बाद बुधवार से न्यू सांगानेर रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने जा रहा है। लेकिन जयपुर विकास प्राधिकरण की इस कार्रवाई से पहले ही आम जनता ने स्वयं के स्तर पर 100 से ज्यादा अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारियों ने अपने अवैध निर्माण को हटाना शुरू कर दिया है।

इसके लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उन्हें संसाधन भी उपलब्ध करवाए गए। हालांकि बड़ी संख्या में अभी ऐसे निर्माण है, जिन्हें नहीं हटाया गया है। इनके खिलाफ बुधवार से जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, बुधवार से जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मेट्रो स्टेशन पिलर से सांगानेर पुलिया तक 200 फीट सेक्टर (न्यू सांगानेर) रोड में आ रहे 690 से ज्यादा अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू करेगा। इससे पहले ही लगभग अतिक्रमियों ने अपने निर्माण को



हटाना शुरू कर दिया है। ताकि अपने दुकान मकान और प्रतिष्ठा में लगे कीमती सामान को सही तरीके से बाहर निकाला जा सके। बता दें कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा न्यू सांगानेर रोड से सांगानेर पुलिया तक अतिक्रमण करने वाले 600 से ज्यादा अतिक्रमियों को नोटिस जारी कर 5 दिन में अवैध निर्माण हटाने की मोहलत दी गई थी। जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा इसको लेकर घर-घर जाकर समझाइश भी की जा रही थी। जिसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया है। हालांकि अब भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो जयपुर विकास प्राधिकरण की इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई रोकने के लिए मुख्यमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्रियों तक गुहार लगाई है। लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल पाई है। ऐसे में आज सुबह सबसे पहले जयपुर विकास प्राधिकरण की टीम मेट्रो स्टेशन से रजत पथ तक अवैध निर्माण हटाएगी। जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य नियंत्रक महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अतिक्रमियों को नोटिस जारी कर स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण हटाने के लिए 5 दिन का वक्त दिया है। अगर इस समय अवधि में निर्माण नहीं हटाए गए। तो फिर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बुलडोजर की मदद से निर्माण को हटाया जाएगा।



### व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनाई जा रही दुकान को किया ध्वस्त

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-7 में ग्राम सिरसी में रोड़ पर सड़क सीमा में आ रहे कब्जा-अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया। जोन-9 में गोमती नगर द्वितीय सांगानेर में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बनाई जा रही अवैध दुकान को प्रारम्भिक स्तर पर पूर्णत: ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-14 में ग्राम बिलवा चन्द्रवन के सामने रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा जोन-07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सिरसी रोड़ पर कब्जा-अतिक्रमण कर कन्टेनर डीपो लगाकर, पत्थर मलवा इत्यादि डालकर किये गये कब्जे-अतिक्रमण को मंगलवार को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गोमती नगर द्वितीय सांगानेर में अवैध रूप से बेसमेन्ट खोदकर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बनाई जा रही अवैध दुकान को मंगलवार को ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिलवा चन्द्रवन के सामने रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर थड़ी, छप्पर पोष इत्यादि लगाकर किये गये कब्जे-अतिक्रमण को जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

# पीने के पानी की मांग को लेकर जयपुर में प्रदर्शन

## महिलाओं ने सड़क पर धरना दिया, पुलिस चौकी का घेराव कर नारेबाजी की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुर शहर में लोग पीने के पानी के लिए परेशान है। मंगलवार को दोपहर बाद चारदीवारी के पास स्थित बासबदनपुरा एरिया की खारवाल बस्ती की महिलाओं ने परेशान होकर बदनपुरा चौकी का घेराव कर दिया और रास्ते पर धरना देकर बैठ गईं। दरअसल, बासबदनपुरा में अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई। यहां पीएचईडी की तरफ से टैंकर के जरिए ही पानी सप्लाई होता है। स्थानीय महिला शांति देवी ने बताया- यहां करीब 100 से ज्यादा परिवार 50 साल से रह रहे हैं। यहां 50 साल से पानी की सप्लाई अब तक शुरू नहीं हुई। कुछ समय पहले सरकार ने यहां लाइन बिछाने का काम शुरू किया तो कुछ जगह लाइन डालने के बाद काम बंद कर दिया। आज भी यहां 100 से ज्यादा परिवार के लोग टैंकर से पानी भरकर अपना गुजर-बसर कर रहे है।

### बारिश के दौरान रास्ता रोककर धरने पर बैठी महिलाएं

आज पानी की सप्लाई नहीं होने से परेशान महिलाएं दोपहर करीब 3 बजे धरने पर बैठ गईं। पुलिस चौकी की सामने दो दर्जन से ज्यादा महिलाएं और पुरूष चौकी के सामने रस्सी लेकर खड़े हो गए। सड़क बंद कर दी। इससे ट्रेफिक रूक गया। इस दौरान बारिश शुरू हो गई तो महिलाएं सड़क पर ही धरने पर बैठ गईं।

### दो दिन में शुरू हो जाएगा काम

विरोध बढ़ता देख जेईएन सुरभि पुलिस चौकी पहुंची। उन्होंने प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आश्वासन दिया कि दो दिन का समय दे विभाग यहां दोबारा लाइन बिछाने का काम शुरू करवा देगा। जेईएन ने बताया- आप ही में से कुछ लोगों ने विरोध करके यहां काम कर रहे ठेकेदार के कर्मचारियों को भगा दिया था। जेईएन ने बताया कि इस कॉलोनी में 100 मीटर से ज्यादा लम्बाई में लाइन बिछाने का काम शुरू किया था, लेकिन 40 मीटर में लाइन बिछने के बाद लोगों ने ही काम बंद करवा दिया।

## कनिष्ठ सहायक एवं दलाल एक हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की नागौर टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय उप पंजीयक नागौर के कनिष्ठ सहायक कैलाश चंद्र सेन और उसके (दलाल) सीताराम जाट को परिवादी से एक हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी नागौर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि रजिस्ट्री की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की एवज में कनिष्ठ सहायक कैलाश चंद्र सेन 1 हजार 500 रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी नागौर टीम की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्पना सोलंकी के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ सहायक कैलाश चंद्र सेन और उसके दलाल सीताराम जाट को एक हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

## नगर पालिका का फायरमैन चार हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) कोटा टीम ने कार्रवाई करते हुए नगर पालिका सांगोद जिला कोटा के फायरमैन देवेंद्र को परिवादी से चार हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की कोटा टीम को परिवादी ने शिकायत दी गई कि नगर पालिका सांगोद क्षेत्र में हुये कार्यक्रम में एलईडी वॉल लगाने के कार्य के बकाया बिलों को पास करवाने की एवज में फायरमैन देवेन्द्र द्वारा स्वयं एवं अकाउंटेंट मुकेश के लिये पांच हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए फायरमैन देवेन्द्र को चार हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

## पटवारी सात हजार रुपये की रिश्वत लेते ट्रेप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की दौसा टीम ने कार्रवाई करते हुए बगड़ी, तहसील लालसोट जिला दौसा के पटवारी भौंरीलाल जांगिड़ को परिवादी से सात हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी दौसा टीम को शिकायत मिली कि तकासमा की कार्रवाई करने की एवज में पटवारी भौंरीलाल जांगिड़ की ओर से 7 हजार 500 रुपये की रिश्वत राशि मांग की जा रही है। जिस पर एसीबी दौसा इकाई के उप अधीक्षक पुलिस नवल किशोर मीणा के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी भौंरीलाल जांगिड़ को सात हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

## जवाहर कला केन्द्र : तीन दिवसीय युवा नाट्य समारोह 28 से

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से 28 से 30 जून तक तीन दिवसीय युवा नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान युवा नाट्य निर्देशक अनुदान योजना 2023-24 के अंतर्गत चयनित तीन निर्देशकों के नाटकों का मंचन किया जाएगा। इन नाटकों से युवा कलाकारों को रचनात्मकता प्रदर्शित करने के लिए मंच मिलेगा। 28 जून को देशराज गुर्जर के निर्देशन में सायं 6.30 बजे रंगायन में 'गोरधन के जूते' नाटक का मंचन होगा। 29 जून को सायं 6.30 बजे शिल्पग्राम में 'लट्ठा और चाशनी' नाटक खेला जाएगा। इसका लेखन और निर्देशन रोहित अग्रवाल ने किया है जबकि स्मृति चौपड़ा सह निर्देशक और मंच प्रबंधक की भूमिका निभा रही हैं।

## जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने ओलंपिक खेलों में भारत के 100 साल पूरे होने के अवसर पर पेरिस में किया प्रदर्शनी का आयोजन, 10 सितंबर तक रहेगी जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ओलंपिक आंदोलन और खेलों में भारत की यात्रा का जश्न मनाने वाले इस कार्यक्रम में आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक और भारत के राजदूत जावेद अशरफ भी मौजूद थे पेरिस, फ्रांस- जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने ओलंपिक दिवस के अवसर पर रविवार को पेरिस में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसमें ओलंपिक आंदोलन के संस्थापक पियरे डी कुबर्टिन के जीवन और विरासत का जश्न मनाया गया। साथ ही खेलों में भारत की उपस्थिति के 100 साल पूरे होने का जश्न भी इस समारोह में मनाया गया।

जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन संगीता जिंदल और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के फाउंडर पार्थ जिंदल के साथ आईओसी के अध्यक्ष श्री थॉमस बाक, संस्कृति मंत्री मैडम रचिदादाती, फ्रांस गणराज्य में भारत के राजदूत महामहिम जावेद अशरफ और पियरे डी कुबर्टिन फैमिली एसोसिएशन की प्रेसिडेंट श्रीमती एलेक्जेंड्रा डी नवसेले ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह पेरिस के 7वें अरोन्डिसमेंट के टाउन हॉल में आयोजित की जाएगी और सितंबर में पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक खेलों के अंत तक जारी रहेगी। इस अवसर पर बोलते हुए, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन संगीता जिंदल ने कहा, "जेएसडब्ल्यू समूह पेरिस में जीनियस ऑफ स्पोर्ट प्रदर्शनी में 'ओलंपिक में भारत के 100 वर्ष' के क्यूरेशन को सपोर्ट करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है। हम पियरे डी कुबर्टिन के इस विजन और विश्वास को साझा करते हैं कि खेल सीमाओं को पार करके और शांति और मित्रता की भावना से लोगों को एक साथ लाकर दुनिया को अलग तरह से बदलने की क्षमता रखते हैं।

आईओसी के अध्यक्ष श्री थॉमस बाक ने कहा, "इस शानदार प्रदर्शनी के लिए धन्यवाद! इस तरह के प्रयासों के जरिये आम जनता असाधारण लोगों को खोजने और फिर से खोजने में सक्षम होगी और उनके काम की सीमा को माप सकेगी। फ्रांस और फ्रांसीसी लोगों को पियरे डी कुबर्टिन जैसे हमवतन पर गर्व होना चाहिए।

एक दूरदर्शी व्यक्ति जिसका संदेश है कि खेल के माध्यम से शांतिपूर्ण प्रतिस्पर्धा में दुनिया एकजुट होती है, आज और भी अधिक मजबूती से गूंजती है।"फ्रांस गणराज्य में भारत के राजदूत महामहिम जावेद अशरफ ने प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए जेएसडब्ल्यू समूह को धन्यवाद दिया। यह प्रदर्शनी 10 सितंबर तक चलेगी और आम जनता के लिए खुली रहेगी।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने बहुचर्चित देवीराम मुल्लाका हत्याकांड में फरार दो इनामी को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कामां थाने के बहुचर्चित देवी राम मुल्लाका हत्याकांड में तीन साल से फरार चल रहे पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए के दो इनामी अभियुक्तों को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में पूर्व में आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है, तेरह आरोपित फरार चल रहे थे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि देवी राम हत्याकांड का एक आरोपी हरियाणा के पलवल और दूसरा थाना खोह जिला डीग के पसोपा



इलाके में फरारी काट रहा है। इस सूचना पर एजीटीएफ द्वारा कामां एसएचओ मनीष शर्मा का सहयोग प्राप्त कर मंगलवार को इनामी अपराधी राम अवतार गुर्जर पुत्र रामप्रताप निवासी मुल्लाका को पलवल के आगरा चौक एवं दूसरे इनामी बबली गुर्जर पुत्र रामप्रताप निवासी मुल्लाका को थाना खोह क्षेत्र के पसोपा गांव से घेराबंदी कर दबोच लिया। दोनों आरोपियों को कामां पुलिस ने अपने मामले में गिरफ्तार कर लिया है। एडीजी एमएन ने बताया कि दोनों इनामी अभियुक्तों के बारे में आसूचना संकलन एवं गिरफ्तारी में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल मदनलाल शर्मा की तकनीकी भूमिका रही। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना कामां से एसएचओ मनीष शर्मा व कांस्टेबल अमित कुमार ने सराहनीय योगदान दिया। गौरतलब है कि गांव मुल्लाका निवासी रामवीर गुर्जर ने थाना कामां पर उनके गांव के ही चंद्रभान उर्फ चनुआ पुत्र शिवलाल वगैरा 20-25 व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जून 2021 की सुबह खरीदारी करने बाइक लेकर निकले उसके पिता देवी राम गुर्जर पर पुरानी रंजिश के चलते सरकारी अस्पताल व डाक बंगले के बीच लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया, मरा समझ कर हवाई फायर करते हुए गांव आ गए।

## नाबालिग बालिका के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** हरमाडा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपी ने दोस्त के साथ मिलकर नाबालिग का अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म किया था। पिछले छह महीने से अपने ठिकाने बदलकर फरारी काट रहा था। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि हरमाडा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपी अनिल रैगर (22) निवासी गांव पुनाना हरमाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। जो वह पिछले छह महीने से पुलिस से बचने के लिए अपने छिपने



के ठिकाने बदल-बदलकर फरारी काट रहा था। नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार अनिल रैगर के खिलाफ पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) कार्यालय की ओर से दस हजार रुपए का इनाम रखा गया था। जहां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म इनामी अनिल रैगर मोती डूंगरी इलाके में पहचान बदलकर रह रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर सूचना पर दबिश देकर आरोपी अनिल रैगर को धर-दबोचा। सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं अशोक चौहान ने बताया कि हरमाड़ा थाने में दिसम्बर-2023 में 16 वर्षीय लड़की का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था कि आरोपी अनिल रैगर ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपहरण किया। दोनों आरोपियों ने नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। अगले दिन घर पहुंचकर नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई थी। परिजनों ने साथ पहुंची नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज एक आरोपी को पकड़ लिया और वहीं पुलिस की लगातार दबिश देने का पता चलने पर आरोपी अनिल रैगर फरारी काटने जयपुर से बाहर फरारी काट रहा था।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौ सेवा के साथ लगाएं 11 पौधे



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** जयपुर ग्रामीण लोक सभा के सांसद राव राजेंद्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत तेवड़ी नरसिंह मंदिर में महंत गोपाल दास के सानिध्य एवं विधानसभा संयोजक गिरीराज शर्मा के आथित्य में गौ सेवा कर 11 पौधे लगाए कार्यक्रम संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने बताया एक सप्ताह तक जयपुर ग्रामीण में लगातार विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य किए जाएंगे जिसके तहत ग्राम तेवड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौ सेवा की एवं 11 छायादार पौधे लगाए जिसमे शीशम, नीम, अमरूद, बिल्व पत्र, पापड़ सहित अनेक उपयोगी पौधे थे कार्यकर्ताओं को पेड़ पौधों के देखरेख की भी जिम्मेदारी सौंपी गई इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश यादव, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र सिंह धीरावत, पंचायत समिति सदस्य अर्जुन कसाना, पूर्व मंडल अध्यक्ष बोदीलाल प्रजापत, शिक्षाविद गणपत लाल शर्मा, नेहरू युवा केंद्र के कोऑर्डिनेटर दाताराम गुर्जर, भाजपा युवा मोर्चा के महेश यादव, लोकेश शर्मा, महेंद्र मीणा ,कालूराम शर्मा, विक्रम यादव, विष्णु शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## श्री बालाजी महाराज का विशाल भण्डारा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** कस्बा के भांखरी रोड़ आड़ा गैला हनूमान मन्दिर में श्री बालाजी महाराज का मंगलवार को विशाल भण्डारा आयोजित हुआ। श्री बालाजी महाराज के धोक लगाकर श्रद्धालुओं ने क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामना की प्रार्थना की। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत सिंह मीणा ने कहा कि कलयुग में बालाजी महाराज की महिमा संजीवनी के रूप में आशीर्वाद देते हुए भक्तों को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। इस दौरान मन्दिर महंत



राधेश्याम, गिरधारी ओला, सुरजन फोगाट, प्रभू लम्बोरा, विक्रम जितरवाल, लीलाराम डाबड, मालीराम मीणा, दिनेश यादव, गजानन्द मीणा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** कोटपूतली के नारेहडा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच पति अशोक भाई एवं गौशाला के महंत राघवेंद्र दास जी महाराज अपने संबोधन से कार्यक्रम की शुरुआत की महंत राघवेंद्र दास जी महाराज ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था नशा मुक्ति जैसे कार्य क़ो एक मिशन के रुप लेकर कार्य क़र रही है ब्रह्माकुमारी द्वारा समाज में अद्भुत परिवर्तन लाने का कार्य किया जा रहा है।

सरपंच पति अशोक भाई ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा समाज से नशा मुक्ति का अभियान चलाया जा रहा है जो की बहुत ही अच्छा कार्य है ब्रह्माकुमारी बहने समाज में अद्भुत परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है कार्यक्रम के पश्चात बीके मीना बहन ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई एवं कोटपूतली ब्रह्माकुमारी सेंटर की संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने ध्यान साधना एवं मेडिटेसन के बारे में बताया।



## चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के चार शातिर बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** विश्वकर्मा थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के चार शातिर बदमाशों को पकड़ा है और उनके पास से चोरी की दो पिकअप बरामद की है और साथ ही वारदात में रैकी दौरान प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बाइक भी जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम नीरज पाठक ने बताया कि विश्वकर्मा थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के शातिर वाहन चोर नीरज कुमार निवासी हिंडौन सिटी जिला करौली हाल दौलतपुरा जयपुर,थानसिंह उर्फ थाना उर्फ पीयूष निवासी हिंडौन सिटी जिला करौली हाल दौलतपुरा जयपुर,पप्पू राम जाट निवासी सामोद जिला जयपुर ग्रामीण और कानाराम जाट निवासी सामोद जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित वाहन चोर दिन में अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर विश्वकर्मा फैक्ट्री एरिया में घुमते है तथा फैक्ट्री एरिया में खडे वाहनों की रेकी करते थे।

# लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले : प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ( नि.स. )** । जिले के प्रभारी मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत सोमवार को झुंझुनू दौरे पर रहे । उन्होंने सीएम भजनलाल शर्मा के 27 जून को प्रस्तावित दौरे को लेकर केशव उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल एवं पुलिस अधीक्षक राजर्षी राज वर्मा के साथ व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की।

कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद उन्होंने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति के मिले, यह हमारी प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए । उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम आदमी के हितों को ध्यान में रखकर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें ।

बैठक में विधायकगणों द्वारा कुछ इलाकों में पेयजल व बिजली की व्यवस्था के बारे में बताने पर उन्होंने पीएचईडी एसई शरद माथुर व एवीवीएनएल एसई महेश टीबड़ा समेत प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली और पानी आमजन की मूलभूत आवश्यकता है, जिसको ध्यान में रखते हुए नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें।



**विधानसभा क्षेत्रवार रिपोर्ट बनाकर कर भेजें :** कृषि विद्युत कनेक्शन के लंबित प्रकरणों पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विधानसभा क्षेत्रवार लंबित कनेक्शनों की रिपोर्ट बनाकर भेजें। वहीं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने एवं जिले की मुख्य सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे खुद भी सड़कों की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग कर सकते हैं।

**इन मुद्दों का होगा समाधान :** झुंझुनूं पहुंचने पर पुलिस लाईन के पास ही प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने आरओबी के लंबित निर्माण कार्य देखकर काफिला रुकवाया व बंद पड़े निर्माण कार्य की जानकारी ली। इसके बाद बैठक में भी उन्होंने आरओबी के मुद्दे पर प्राथमिकता से समाधान के लिए सुझाव मांगे। आरएसआरडीसी के अधिकारी राकेश कुमार ने उन्हें बताया कि रेलवे से बजट आवंटित नहीं होने के चलते कार्य लंबित है। जिसके बाद उन्होंने निर्देशित किया कि जयपुर आकर पूरी रूपरेखा बनाकर देवें।

**27 जून को होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम :** प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि 27 जून को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का झुंझुनूं दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में बढ़ी हुई 15त्न राशि लाभार्थियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत भेजी जाएगी। कार्यक्रम केशव उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के खेल ग्राउंड में 11 बजे आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में जिले भर के सामाजिक सुरक्षा पेंशन लेने वाले लाभार्थी भाग लेंगे।

**यह रहे मौजूद :** जिला परिषद सभागार में हुई बैठक में खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, उदयपुरवाटी विधायक भगवान राम सैनी, जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, जिप सदस्य बनवारीलाल सैनी, एडीएम रामरतन सौंकरीया सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पार्षद के आकस्मिक निधन पर संवेदना प्रकट करने पहुंचे पूर्व कृषि मंत्री कटारिया

### हृदयरोग व हड्डी रोग विशेषज्ञ लगवाने के लिए मंत्री कटारिया से लगाई गुहार



बढ़ता राजस्तान

**फुलेरा ( नि.स. )।** उपजिला अस्पताल में हृदयरोग व हड्डी रोग विशेषज्ञ शीघ्र लगवाने के लिए पुर्व पालिका अध्यक्ष व व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा ने पूर्व कृषिमंत्री लालचन्द कटारिया के फुलेरा आगमन पर गुहार लगाई है, जिससे अचानक होने वाली घटना-दुघर्टना पर अंकुश लगाया जा सके।

गौरतलब है कि राजस्थान के पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया अपने शिष्टमंडल सहित फुलेरा पहुंचकर पूर्व पालिकाध्यक्ष व वर्तमान व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा के निवास पर पहुंचकर उनकी पत्नी नगरपालिका पार्षद प्रेम आहूजा के ऋषिकेश में आकस्मिक निधन हो जाने पर शोक प्रकट करने पहुंचे थे। उन्होंने आहूजा से बद्रीनाथ यात्रा की समस्त जानकारी प्राप्त कर संवेदना प्रकट करी। मनोज आहूजा ने बताया की में मेरी पत्नी की तबीयत अचानक बद्रीनाथ धाम में बिगडगई, जिस पर उन्हे बद्रीनाथ धाम से ऋषिकेश तक के 300 किमी के रास्ते में मुझे पांच हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया परंतु अफसोस कि किसी भी हॉस्पिटल में कार्डियक डॉक्टर नही मिला ।

ऋषिकेश एम्स में पार्षद प्रेम आहुजा का प्रोपर इलाज किया गया, परन्तु दुर्भाग्यवश उनका निधन हो गया। इस मौके पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष आहुजा ने बताया कि कुचामन से जयपुर तक कोई हृदयरोग व हड्डी रोग विशेषज्ञ नही है जो काफी चिंताजनक है मेरे साथ जो इन चिकित्सक के अभाव में हुआ वो हमारे क्षेत्र के किसी व्यक्ति के साथ ऐसा अन्याय ना हो आप राज्य सरकार से विशेष अनुरोध कर फुलेरा उपजिला अस्पताल में एक हृदयरोग विशेषज्ञ और एक हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति अविलंब करवाने के आदेश करवाकर फुलेरा वासियों को अनुग्रहित कराएं। जिस पर कटारिया ने उक्त इस अतिआवश्यक कार्य को शीघ्र करवाने का आश्वासन प्रदान किया।

पूर्व कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया के साथ प्रणव अग्रवाल, केपी गगरानी, रतन राजोरा, त्रिलोक शर्मा, मो. अय्यूब खान, सुरेश मिश्रा, संजय पारीक, सरदार चौधरी, दीपक आहूजा, भूपेंद्र गुप्ता, सुरेश सैनी, सुरेश सारस्वत, कल्लू शर्मा, संजय वार्ष्णेय, मनीष गगरानी, मुकेश काबरा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**कोटपुतली ( नि.स. )।** नगर परिषद कोटपूतली द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद परिसर में किया गया । कार्यक्रम कि अध्यक्षता सभापति पुष्पा सैनी ने कि मुख्य अतिथि विधायक हंसराज पटेल व विशिष्ट अतिथि अति. जिला कलक्टर योगेश कुमार डागुर रहें। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने सबोधित करते हुये कहा कि इस योजना के तहत 733 पात्र लाभार्थीयों का चयन किया गया है जिनमें से 196 लाभार्थियो का आवास कार्य पूर्ण हो चुका जिनमें 133 लाभार्थीयो को आवास कि 4 किस्तों का भुगतान किया जा चुका है तथा हमारा प्रयास है कि नगर परिषद क्षेत्र में कोई नागरिक आवास के बिना ना रहे।अति. जिला कलक्टर योगेश कुमार डागुर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत सरकार कि जो मनषा है उसी के तहत प्रत्येक लाभार्थी को लाभ मिलना चाहिए वही विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने 2 करोड आवासो कि घोषणा कि तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी के खाते में सम्पूर्ण राशि डालना तय किया जिसके परिणाम आज देखने को मिल रहे है सभापति पुष्पा सैनी ने सभी का धन्यवाद अर्पित किया तथा एल पी एस विकास संस्थान के रामभरोस मीणा ने मंच का संचालन किया।कार्यक्रम के तहत एक्सईएन दीपक मीणा, एइएन मुकेश कुमार सैनी, जेईएन भादर सिंह यादव, सिविल इंजी. मनिष कुमार शुक्ला सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित हुये वही कार्यक्रम के तहत लाभार्थी मौसमी देवी, भंवरी देवी, टिक्की देवी, सतीश मीणा, लक्ष्मी देवी, महेश वर्मा को प्रथम किस्त तथा नरेश कुमार शर्मा, सोना देवी, लक्ष्मी देवी, बिमला देवी गुर्जर, को तृतीय किस्त के चेक भुगतान किये गये वही लाभार्थी विपूल शर्मा, अजय शर्मा, ने अपने अनुभव शेयर किये। नगर परिषद द्वारा किस्तों का वितरण 31.12.2024 से पूर्व ही किया जाना है जिन लाभार्थिया ने कार्य शुरू नही किया है उनसे अनुरोध है कि जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ करें जिससे योजना का लाभ मिल सकें।

# बिल्लूराम सैनी प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली ( नि.स. )।** राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा (रजि.) के प्रदेशाध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने वार्ड 6 ढाणी जादावाली कोटपुतली निवासी बिल्लूराम सैनी को महासभा के प्रदेशसंयुक्त सचिव पद पर नियुक्त किया है। अध्यक्ष गहलोत ने नवनियुक्त संयुक्त सचिव सैनी से संगठन एवं समाज को मजबूत करने का आह्वान किया है।सैनी इसे पहले विभिन्न पदों पर जैसे तहसील मीडिया प्रभारी,जिला सगठन मंत्री,जिला अध्यक्ष समाजिक काम कर चुके है।प्रदेश संयुक्त सचिव बनने पर सैनी महासभा के जिला अध्यक्ष बबलू



बबेरवाल,रामस्वरूप सैनी,मुकेश सैनी,एडवोकेट नवीन सैनी,रामकुमार रसनाली युवा नेता,सीमा सैनी विराटनगर,हंसराज सैनी रसनली,पत्रकार इसाक खान, दीपक वशिष्ठ,विजय चौधरी,गंगाराम सैनी,जितेंद्र सैनी,विनोद सैनी,कुलदीप सैनी बानसूर विभिन्न समाजसेवी लोगों ने बधाई दी।

# कलक्टर ने आधार केन्द्रों पर अनियमितता मामलो हेतु जांच दल का किया गठन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली(नि.स.)।** आयुक्त एवं विशिष्ठ शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के निर्देशानुसार जिले में संचालित आधार केन्द्रों (शहरी व ग्रामीण) पर आधार संचालकों द्वारा फर्जी दस्तावेज, गलत बायोमैट्रिक्स, निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलना आदि अनियमिततायें बरती जा रही है। इन अनियमितताओं की रोकथाम एवं अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए कोटपूतली-बहरोड जिले में संचालित समस्त आधार केन्द्रों का प्रभावी निरीक्षण किये जाने हेतु जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने सभी तहसीलों व पचांयत समिति में तहसीलदार को प्रभारी जांच दल और टीम में प्रोग्रामर, सूचना सहायक को शामिल कर तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया है, उक्त जांच दल अपने-अपने क्षेत्राधिकार में संचालित समस्त आधार केन्द्रों पर जाकर गहनता से निरीक्षण कर रिपोर्ट जिला कलक्टर को सौपेगें।

# आदिवासी समाज पर दिए गए शिक्षा मंत्री के बयान का विरोध

## बाड़ी, सरमथुरा आदिवासी समाज के लोगो ने दिया राजपाल के नाम ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी /धौलपुर ( नि.स. )।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा आदिवासी समाज के विरुद्ध दिए गए बयान पर विरोध व्यक्त करते हुए मंगलवार को आदिवासी समाज के लोगों द्वारा बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा है। जिसमें शिक्षा मंत्री को तुरंत अपने बयान के वापस लेने, आदिवासी समाज से माफी मांगने और राजस्थान सरकार से शिक्षा मंत्री को पद से हटाने की मांग की है। आदिवासी समाज के रमेश फॉरेस्टर,बच्चू मीणा,जगदीश रावत,प्रेमसिंह,रामनरेश सहित दो दर्जन से अधिक लोगों की मौजूदगी में दिए ज्ञापन में आदिवासी समाज के लोगों ने आरोप लगाया है की शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आदिवासी समाज के खिलाफ जो बयान दिया है।उससे वह और उनका समाज पूरी तरह व्यथित है। शिक्षा मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद आसीन व्यक्ति से ऐसे बयानों की अपेक्षा नहीं की जाती। शिक्षा मंत्री अपने शिक्षकों के प्रति भी अच्छा व्यवहार नहीं रखते हैं जैसा मीडिया में उनके बयान आते हैं। उनसे साफ प्रतीत होता है



कि वह शिक्षकों और आदिवासी समाज के खिलाफ है। ऐसे में आदिवासी समाज में उक्त बयान को लेकर आक्रोश है। जिसमें यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पूरा आदिवासी समाज आंदोलन पर उतर सकता है। ऐसे में ज्ञापन के माध्यम से पूरे मामले को राजस्थान के राज्यपाल के संज्ञान में लाया जा रहा है। जिससे वह उस पर त्वरित कार्रवाई कर सकें। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी चाहिए कि वह शिक्षा मंत्री के पद से तुरंत मदन दिलावर को हटाए।

# प्रदेश में मानसून की दस्तक, शहर में अभी भी लोग उमस भरी गर्मी से परेशान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी /धौलपुर (नि.स.)।** पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से आमजन का जीना बेहाल है। ऐसे में मंगलवार को शहर के लुहार बाजार में दुकानदारों द्वारा सामूहिक रूप से इंद्रदेव को रिझाने के लिए पूड़ी सब्जी का भोग लगाया गया है और छोटे बच्चों एवं गरीबों को भोजन कराया है। लोगो को आस है कि बुजुर्गों की बरसो पुरानी इस परंपरा से इंद्रदेव प्रसन्न होंगे और क्षेत्र में अच्छी बारिश होगी। लुहार बाजार के दुकानदार और समाजसेवी रामकुमार चौधरी ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से दुकानदारों को तो गर्मी परेशान कर ही रही है गर्मी और हीट वेव से हर कोई आहत है। ऐसे में लोग लगातार मानसूनी बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हमारे यहां परंपरा रही है की बारिश के देवता इंद्रदेव को मनाने के लिए सामूहिक रूप से पूड़ी-सब्जी या दाल रोटी का भोग बनाकर गरीबों को और छोटे बच्चों को खिलाया जाता है। जिसका निर्वहन करते हुए मंगलवार को सभी दुकानदारों के सहयोग और लोगों के सहयोग से ईस्ट मित्रों के साथ यह आयोजन किया है।



# कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीदडा तह. निवाई जिला टोंक (राज.)

**क्रमांक राउमावि/सीदडा/निलामी / 2024/976** **दिनांक : 25.06.2024**

## निलामी सूचना

सर्व साधारण एवं विशेषकर कबाड़ व्यवसायियो को सूचित किया जाता है कि, स्थानीय विद्यालय के नकारा सामान / रद्दी की (अनुमानित पुस्तक मुल्य लगभग रूपये:- 199908/-) अक्षरे एक लाख नन्यानवे हजार नो सो आठ रूपये मात्र) की नीलामी स्थानीय विद्यालय परिसर में दिनांक :- 12.07.2024 को पूर्वाह्न :- 10:00 बजे खुली बोली द्वारा की जावेगी। इच्छुक क्रेता निर्धारित तिथि एंव समय पर अमानत राशि रु 4000/- एंव जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नीलामी बोली मे भाग ले सकते है। नीलामी की शर्ते विद्यालय कार्यालय मे समय में देखी जा सकती है।

**प्रधानाचार्य**
**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीदडा**
**तह.निवाई जिला टोंक ( राज. )**


### छात्रावास प्रबन्धन समिति एवं जाट समाज की अर्द्धवार्षिक बैठक का आयोजन

# समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिये : धनकड़

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली ( नि.स. )।** कोटपुतली के ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास में मंगलवार को छात्रावास प्रबन्धन समिति एवं जाट समाज की अर्द्धवार्षिक बैठक का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिये। उन्होंने समाज की एकजुटता पर बल दिया। धनकड़ ने छात्रावास के विकास में हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं राजनीति में कोटपूतलीवासियों से मिले सहयोग के लिए आभार भी जताया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों व प्रबंधन समिति द्वारा छात्रावास के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप धनकड़ का विधायक बनने पर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनन्दन किया।



अध्यक्षता प्रबंधन समिति अध्यक्ष देवेन्द्र दलाल ने की। इस मौके पर छात्रावास प्रबंधन समिति द्वारा छात्रावास के विकास एवं प्रगति को लेकर चर्चा की गई। कोषाध्यक्ष लीलाधर लम्बोरा ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। संरक्षक रामजीलाल जाखड़ ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. महेन्द्र पलसानियां, एड. सुरेन्द्र चौधरी, कैलाश जाखड़, हरिराम कपूरिया, एड. राजेश चौधरी, एड. अरुण चौधरी, एड. मनोज चौधरी, जसंवत माठ, रोहिताश कपूरिया, रोहिताश ताखर, बाबूलाल जाखड़, हरिराम जाखड़, देशराज पलसानियां, देवकरण संरपच, सोनू संरपच, नेतराम संरपच, रमेश चौधरी, राजेन्द्र जाखड़, बाबूलाल चौधरी, एड. राजेन्द्र चौधरी, ब्रह्मप्रकाश धनकड़, एड. राजपाल चौधरी, मनोज खोजा, एड. बदलुराम, आजाद मान, नत्थूराम लम्बरदार, धड़सीराम, प्रकाश ओला समेत समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# जवाहर कला केन्द्र

JKK Jawahar Kala Kendra, Jaipur

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर

JKK GSTIN - 08AAAJJ0462D1ZM

खुली निविदा सूचना संख्या- 2024-25/3082, 3084 एवं 3085

| | | NIB: JKK2425A0002<br>UBN: JKK2425WSOB00001 | NIB: JKK2425A0003<br>UBN: JKK2425SLOB00002 | NIB: JKK2425A0004<br>UBN: JKK2425WSOB00003 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जवाहर कला केन्द्र में स्थित केन्द्रीय वातानुकूलन संयंत्र 150 टन का कौम्प्रेहेन्सिव (Comprehensive) वार्षिक रखरखाव व संचालन संबंधी (आवश्यकतानुसार) अनुबंध | जवाहर कला केन्द्र में मासिक आधार तथा केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के दौरान किराये पर वाहनों की व्यवस्था | केन्द्र की वी.आई.पी. पार्किंग में डामर सड़क (Mastic Asphalt) का कार्य |
| 2 | अनुमानित लागत राशि | 7.00 लाख | 27.00 लाख | 18,00,000/- लाख |
| 3 | बोली प्रपत्र शुल्क (रुपये) | 500/- | 1000/- | 500/- |
| 4 | बोली प्रतिभूति शुल्क (कैश, बैंकर चैक, डी.डी., अतिरिक्त महानिदेशक ज.क.के. के नाम से देय) | 14000/- | 54000/- | 3600/- |
| 5 | बिड प्रोसेसिंग शुल्क (रुपये) | | 500/- एम.डी आई.आर.एस.एल जयपुर | 500/- एम.डी आई.आर.एस.एल जयपुर |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | एक वर्ष | 45 दिवस |
| 7 | निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि | दिनांक 21.6.24 से 28.6.24 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 24.6.24 से 03.7.24 को दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 24.6.24 से 03.7.24 को सायं 6.00 बजे तक |
| 8 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 28.6.24 को दोपहर 2.00 बजे तक | दिनांक 25.04.23 को दोपहर 2.00 बजे तक | दिनांक 4.7.24 को दोपहर 1.00 बजे तक |
| 9 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28.6.24 को दोपहर 3.00 बजे तक | दिनांक 4.7.24 को दोपहर 3.00 बजे से | दिनांक 4.7.24 को दोपहर 3.00 बजे |
| 10 | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक | बाद में सूचित किया जायेगा | बाद में सूचित किया जायेगा | बाद में सूचित किया जायेगा |

*निविदा शुल्क एवं बिड सिक्योरिटी राशि में डी.डी. की फोटो प्रति निविदा के साथ संलग्न करें। *दर निविदा खोलने की दिनांक - तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं को उचित माध्यम से सूचित कर दिया जायेगा। *निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क एवं बिड सिक्योरिटी राशि अतिरिक्त महानिदेशक जवाहार कला केन्द्र जयपुर के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/डी.डी. के रूप में कार्यालय में जमा कराना आवश्यक है। *इन निविदाओं को इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है, तथा निविदादाता इन प्रपत्रों को डाउनलोड कर सकते है।

राज.संवाद/सी/24/1245

## सम्पादकीय

### कैडर वाली पार्टी के हारे उम्मीदवार कर रहे कैडरलेस प्रदर्शन

भाजपा को हमेशा से ही कैडरबेस पार्टी कहा जाता रहा है लेकिन लगता है कि ये सब अब पुरानी बातें हो गई हैं। जब तक आरएसएस की पाठशाला से शिक्षित होकर नेता भाजपा में आते थे, कैडर की बातें तब तक ही थी। अब तो भाजपा में कांग्रेस से ट्रेनिंग लेकर नेता आने लगे हैं तो कांग्रेस की बीमारी वहां भी पहुंच चुकी है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 11 सीटों पर हारने के बाद भाजपा में जिस तरह से हारे हुए उम्मीदवारों के बयान सामने आए हैं उससे तो कम से यही लगता है। पन्ना प्रमुख तक अपने संगठन को मजबूत बताने वाली और सोशल इंजीनियरिंग के बूते टिकट वितरण करने वाली भाजपा के हारे उम्मीदवार ही अब संगठन, नेताओं और मुद्दों को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं जबकि करीब छह महीने पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा अपने संगठन की मजबूती और नेताओं के समन्वय को ही जीत का कारण बताती थी, क्योंकि उस वक्त उसने कांग्रेस से राजस्थान की सत्ता छीनी थी और लोकसभा चुनाव में उसने लगातार दो बार से जीत रही 25 में से 11 सीटें गंवाई थी। विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा को लग रहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और उनकी गारंटी के बूते वह 25 सीटों की हैट्रिक लगा लेगी लेकिन हार के बाद अब उसे लगने लगा है कि उम्मीदवार मोदी के ही भरोसे रह गए थे और इसी अति आत्मविश्वास का शिकार हो गए। पूर्व विधायक देवी सिंह भाटी लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन का ठीकरा राजेंद्र राठौड़ व संगठन के काम पर फोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा था कि राठौड़ ने एक-दूसरे की काट करने की राजनीति की। इसी वजह से माहौल बिगड़ा और टिकट भी ठीक प्रकार से नहीं बांटे गए। सबसे घातक चूरू से राहुल कस्वां का टिकट कटना रहा। अफसरशाही राजस्थान में हावी है और मुख्य सचिव के सामने विधायकों की कोई हैसियत नहीं। सीकर से पराजित सुमेधानंद सरस्वती भी राहुल कस्वां का टिकट कटने को राजस्थान में भाजपा के खराब प्रदर्शन का मुख्य कारण मानते हुए राठौड़ पर निशाना साध चुके हैं। उन्होंने कहा था कि कस्वां का टिकट कटने से भाजपा ने शेखावाटी की चारों सीटें गंवाई। सुमेधानंद ने वसुंधरा राजे की उपेक्षा को भी हार का मुख्य कारण माना। मुख्यमंत्री भजनलाल के गृह जिले भरतपुर से चुनाव हारे रामस्वरूप कोली ने अपने इलाके के विधायकों द्वारा सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बैर विधायक बहादुर सिंह कोली ने तो कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को कन्यादान में वोट देने तक की अपील की थी। कामां विधायक नोक्षम चौधरी पूरे चुनाव में फोन नहीं उठाती थी। कुम्हेर विधायक डॉक्टर शैलेश सिंह पर भी कोली ने पूरे चुनाव में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया। झुंझुनूं से हारे शुभकरण चौधरी ने हार के लिए अग्निवीर योजना को कारण बताया। जिस योजना की पहले भाजपा के नेता तारीफ करते नहीं सकते थे लेकिन जैसे ही उसने देश में राजस्थान से सबसे ज्यादा सैनिक देने वाले शेखावाटी इलाके में हार का हार पहनाया, योजना चुभने लगी। उधर, किरोड़ी लाल मीणा मंत्रिमंडल में सम्मानजनक स्थान नहीं मिलने से दौसा से चुनाव हारने पर स्थिति में इस्तीफा देना चाहते थे लेकिन शायद उन्हें मना लिया गया विधानसभा उपचुनाव से पहले पार्टी के नेताओं के मतभेद सड़क पर नहीं आएं। इन बयानों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने उदयपुर में साफ कहा कि आज की राजनीति में लोग उसी को पहले काटने की कोशिश करते हैं, जिसकी उंगली पकड़कर वो राजनीति में चलना सीखते हैं।

# वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?

**जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है।**

ललित गर्ग



कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है।

दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है। हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। और हमारा नेतृत्व गौरवशाली परम्परा, विकास और हर प्रदूषण खतरों से मुकाबला करने के लिए तैयार है, का नारा देकर अपनी नेकनीयत का बखान करते रहते हैं। पर उनकी नेकनीयती की वास्तविकता किसी से भी छिपी नहीं है, देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं।

## शख्सियत



आनंद शर्मा
(एसपी-अलवर)

नमस्कार साथियों आज शख्सियत कॉलम के हमारे सुपर डुपर स्टार हैं अलवर जिले के पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा जी। जैसे मीठे को जानने के लिए उसका स्वाद लेने के लिए उसे चखना पड़ेगा ठीक ऐसी ही हमारी आज की शख्सियत हैं, या यूं कहूँ की आनंद को समझने के लिए आनंद लेना पड़ेगा।सन 1983 में जयपुर में जन्में आनंद शर्मा एक बेहतरीन आईपीएस के रूप में पूरे देश में जाने जाते हैं 2011 बैच के आईपीएस हैं। माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जयपुर कॉलेज राजस्थान कॉलेज जयपुर इतिहास, भूगोल और अर्थशास्त्र में बी.ए. एल.एल.बी. राजस्थान यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज से शिक्षा पूर्ण कर कुछ कर गुजरने के लिए एक एम बनाया। पिता पुलिस अधिकारी थे तो मन पुलिस का तो था पर बड़ा अफसर बनने का। जो लोग कहते हैं कि सरकारी नोकरी कहाँ है आजकल खासकर सामान्य वर्ग के लिए तो सामान्य वर्ग के इस युवा ने इस वहम को दूर कर समाज को बताया कि काबलियत किस्मत की गुलाम नहीं होती इनका आरएएस 2007 आरपीएस रैंक 24वीं आरएएस 2008 में आरपीएस रैंक 33वीं में सलेक्शन हुआ पर जॉइन नहीं किया, यूपीएससी सीएसई 2011 में फिर से आईपीएस बने लेकिन जॉइन नहीं किया रैंक 178 2010 में एसबीआई बैंक पी.ओ बने लेकिन ज्वाइन नहीं किया,ई.ओ. जयपुर नगर निगम में बने लेकिन यहाँ भी ज्वाइन नहीं किया एसएससी उत्तीर्ण लेकिन ज्वाइन नहीं किया। यूपीएससी सीएसई 2010 आईपीएस रैंक 144 और जॉइन किया देश के सबसे खूबसूरत पद आईपीएस के लिये। बीए फाइनल वर्ष में स्वर्ण पदक लाकर अपने कुल का मान बढ़ाया। पिता विशाल कुमार शर्मा भी एडिशनल एसपी एसीबी टोंक के पद से 2015 में सेवानिवृत्त हुए। आईपीएस जॉइन करने के बाद एस यू पी एन पी ए हैदराबाद में ट्रेनिंग की। राजस्थान पुलिस एकेडमी में रहे । सहायक पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा ,एसपी बांसवाड़ा ,एसपी जालौर, एसपी पाली ,एसपी बाड़मेर, एसपी गंगानगर जैसे बड़े जिलों में एसपी शिप की। पुलिस के लिए नए आयाम स्थापित करने के साथ-साथ जिले के आपराधिक आंकड़ों में काफी कमी लाए हैं। फिलहाल आनंद शर्मा अलवर जिला पुलिस अधीक्षक पद को सुशोभित कर रहे हैं आज की तारीख में सबसे तनाव पूर्ण नौकरी या यूं कहे कि कांटे के धार की नौकरी पुलिस की मानी जाती है। क्योंकि पुलिस को ऐसे इस्तेमाल किया जा रहा है जैसे सब्जियों में आलू को हर सब्जी के साथ। आलू फिट बैठता है ऐसे ही चाहे जुलूस हो, चाहे हंगामा हो, चाय पानी को लेकर प्रदर्शन हो, चाहे हत्या हो, चाहे आत्महत्या हो चाहे किसी का कुत्ता मर जाए। पुलिस को समाज पहले पायदान पर पाना चाहता है। ऐसे तनाव पूर्ण माहौल में अपनी पूरी टीम को एक मुस्कान के साथ तनाव रहित कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाले आनंद शर्मा आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है वे विभिन्न जिलों में सफलतम एसपी शिप कर चुके हैं। जहां-जहां भी रहे वहां पुलिस फोर्स इन्हें हंसमुख और चॉकलेटी हीरो के रूप में देखती हैं । अपनी टीम के लिए तनाव मुक्त रहकर काम करना और टीम को तनाव मुक्त रखना सामाजिक व्यवस्थाओं में पुलिस ट्रेनिंग के सुधार की व्यवस्थाएं मजबूत करना इनके जज्बे में शामिल हैं।ऐसे में आनंद शर्मा एक बेहतर आईपीएस के रूप में गिने जाते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 26 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- चीन में पहला टूथ ब्रश 1498 में बनाया गया। पहली बार आधुनिक टूथब्रश के पहले मॉडल का चीन के एक राजा ने पेटेंट करवाया था।
- स्पेन और नीदरलैंड ने 1714 में व्यापार एवं शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- जर्मनी के कार्ल बेन्ज़ ने 1894 में गैस से चलने वाले ऑटो का अमेरिकी पेटेंट हासिल किया।
- पहली ग्रां प्री का आयोजन 1906 में हुआ था। यह प्रतिस्पर्द्धा 12 घंटे चली थी।
- लंदन में विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय 1909 मे खोले गये।
- अमेरिका में न्यूयॉर्क डेली न्यूज का प्रकाशन 1919 में शुरू हुआ।
- संवाद सिनेमा ने 1927 को अपना जीवन आरंभ किया। फ़िल्म निर्माण का काम आरंभ होने से ही निरंतर इस बात का प्रयास किया गया कि ऐसी फ़िल्में बनाई जाएं जिसमें संवाद भी हो।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फिनलैंड ने 1941 में रूस के खिलाफ मोर्चा खोला।
- सेन फ्रांसिस्को में 50 देशों ने 1945 में संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये।
- बेल्जियम के संसदीय चुनाव में 1949 को पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला।
- नेल्सन मंडेला और 51 अन्य लोगों ने 1952 में दक्षिण अफ़्रीका में कर्फ़्यू का उल्लंघन किया।
- फ्रांस के उपनिवेश मेडागास्कर को 1960 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई। हर वर्ष आज का दिन इस देश में राष्ट्रीय दिवस के रुप में मनाया जाता है।
- अमेरीकी राष्ट्रपति जॉन एफ़ कैनेडी ने 1963 में पश्चिम जर्मनी के शहर बर्लिन एक बहुत बड़ी भीड़ को संबोधित किया था।
- विश्व में स्वतंत्रता का प्रतीक बताया था।
- भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 को देश में आपातकाल की घोषणा की।
- एयर इंडिया का पहला बोइंग गौरीशंकर 1982 को मुंबई में दुर्घटनाग्रस्त हुआ।
- पीएलओ नेता यासिर अराफात 1994 में 27 साल बाद गाजा लौटे।
- बुडापेस्ट (हंगरी) में विश्व विज्ञान सम्मेलन की शुरुआत 1999 में हुई।

## विशेष आलेख

# क्या योग्यता-आधारित मूल्यांकन औसत शिक्षार्थियों की जरूरतों को नजरअंदाज करता है

विजय गर्ग



शिक्षाविद अपनी राय में विभाजित हैं, क्योंकि कुछ का मानना है कि यह कक्षाओं में विविधता को अपनाता है, जबकि अन्य का मानना है कि ग्रामीण परिवेश में शिक्षार्थियों के लिए यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है, जो लंबे समय से रटने के आदी हैं। 2024-25 शैक्षणिक वर्ष से, योग्यता-आधारित प्रश्नों (50%) पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। इसमें, प्रश्नों को अधिक महत्व देने के लिए तीन प्रकार के प्रश्न होंगे जो छात्रों की ज्ञान और तर्कसंगत सोच को लागू करने की क्षमता का आकलन करेंगे। इससे यह स्पष्ट प्रश्न उठता है कि क्या इस तरह का प्रश्न पैटर्न औसत शिक्षार्थी की जरूरतों को नजरअंदाज कर सकता है। शिक्षाविदों की मिश्रित प्रतिक्रियाएँ हैं क्योंकि कुछ का दावा है कि यह विविध कक्षा में विभिन्न कौशलों का आकलन कर सकता है, जबकि अन्य का तर्क है कि इसके बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन से औसत शिक्षार्थियों पर दबाव पड़ेगा क्योंकि प्रश्नों के लिए उच्च-क्रम के सोच कौशल की आवश्यकता होती है जो लंबे समय से उपयोग किए जाने वाले कौशल पर कर लगा सकते हैं। रटने के लिए. योग्यता-आधारित प्रश्नों (सीबीक्यू) में तीन प्रारूपों में प्रश्न शामिल हो सकते हैं :अनुप्रयोग परिदृश्यों के साथ बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू); केस अध्ययन जो विषय वस्तु से संबंधित वास्तविक जीवन स्थितियों का विश्लेषण करते हैं; और स्रोत-आधारित एकीकृत प्रश्न जो विभिन्न स्रोतों से डेटा और जानकारी की व्याख्या करने की छात्रों की क्षमता का मूल्यांकन करते हैं। नए परीक्षा पैटर्न के अनुसार, हालांकि दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों (30%) पर कम जोर दिया जाएगा। योग्यता-आधारित प्रश्नों के प्रतिशत में वृद्धि के कारणों को मान्य करते हुए, सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक, संयम भारद्वाज कहते हैं, सीबीक्यू पहले से ही मौजूद थे, और बोर्डों में इसके बढ़ते प्रतिशत ने छात्रों के प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डाला है। इसके विपरीत, 2024 बारहवीं कक्षा के बोर्ड परिणामों में पिछले वर्ष की तुलना में उत्तीर्ण प्रतिशत में 0 .65% की वृद्धि हुई है। 2023 में, सीबीक्यू को 30% से बढ़ाकर 40% कर दिया गया था, इसलिए ऐसे प्रश्न प्रकारों में वृद्धि चार साल पहले इसके कार्यान्वयन के बाद से एक सतत प्रक्रिया है। रटंत विद्या को खत्म करना रटने की प्रवृत्ति, जिसके साथ आमतौर पर लंबे उत्तर जुड़े होते हैं, को खत्म करने के उद्देश्य से सीबीएसई ने इसे घटाकर 30% कर दिया है। भारद्वाज कहते हैं, सीबीक्यू में 50% की वृद्धि, जो अब तक अंतिम सीमा है, का उद्देश्य छात्रों के संज्ञानात्मक कार्य में सुधार करना है, और उनके पास मॉडल के अधिक आदी होने के लिए अभी भी एक और वर्ष है। 2020 में, सीबीक्यू (10%) को पहली बार दसवीं कक्षा के बोर्ड में लागू किया गया था, उसके बाद, उन्हें 2021 में बारहवीं कक्षा के बोर्ड में पेश किया गया था। जबकि दसवीं कक्षा में, 50% सीबीक्यू का लक्ष्य पहले ही हासिल किया जा चुका है, बारहवीं कक्षा में, 2025 में समान प्रतिशत हासिल किया जाएगा। दोनों कक्षाओं में इस चरण-वार वृद्धि ने यह सुनिश्चित किया है कि यह औसत शिक्षार्थी को प्रारूप में उपयोग करने के लिए जगह देता है। सीबीक्यू छात्रों को आईआईटी प्रवेश परीक्षा जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में अतिरिक्त बढ़त प्रदान करता है और उन्हें बेहतर निर्णय लेने वाला और समस्या-समाधानकर्ता बनाता है। हम शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया में गुणात्मक सुधार लाने के लिए सीबीक्यू में 17 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में शिक्षकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, भारद्वाज बताते हैं। पाठ्यपुस्तकों से परे शिक्षा प्रणाली में सुधार – एनईपी 2020 और एनसीएफ – ने शिक्षण-सीखने की पद्धति में एक विवर्तनिक बदलाव की शुरुआत की है और प्रश्न पत्र प्रारूप में बदलाव को अपरिहार्य बना दिया है। सामग्री-आधारित से योग्यता-आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, एक विविध कक्षा में विभिन्न कौशल और दक्षताओं का आकलन करना अनिवार्य हो जाता है। सीबीक्यू में प्रश्न प्रकार अधिकार प्रदान करते हैंशिक्षार्थियों के विभिन्न कौशलों का आकलन करने के लिए मिश्रण – सरल तथ्यों को याद करने से लेकर किसी दिए गए परिदृश्य का मूल्यांकन करने से लेकर महत्वपूर्ण विश्लेषण और समाधान सुझाने तक, सुधा आचार्य, प्रिंसिपल, आईटीएल पब्लिक स्कूल और चेयरपर्सन, एनपीएससी (नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस) कहती हैं, शैक्षणिक एनईपी 2020 और एनसीएफ में उल्लिखित बदलाव को लगभग सभी स्कूलों में शामिल किया गया है, और शिक्षक, बुनियादी स्तर से ही, योग्यताओं और कौशल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, न कि केवल तथ्य प्रस्तुत करने पर। वह आगे कहती हैं, व्यावसायिक शिक्षा और अनुभवात्मक शिक्षा के संपर्क ने छात्रों को पाठ्यपुस्तक से परे जाकर वास्तविक जीवन की स्थितियों का आकलन करने और समस्या समाधानकर्ता बनने के लिए सशक्त बनाया है। आचार्य का मानना है कि अधिकांश शिक्षार्थी खुद को अभिव्यक्त करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। यह धीमी गति से सीखने वालों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के संबंध में विशेष रूप से सच है। चूंकि उनके लिए एक अलग प्रश्न पत्र तैयार करना हमेशा संभव नहीं होता है, इसलिए एक प्रश्न पत्र तैयार करने की सलाह दी जाती है जिसमें एमसीक्यू और लघु उत्तर प्रकार के प्रश्नों (2 मार्कर) के साथ 2 मार्करों में विभाजित 4/6 मार्कर शामिल हों। इस तरह प्रत्येक बच्चा अधिक आसानी से पेपर का प्रयास कर सकता है। सीबीक्यू प्रारूप इसे एक संभावना बनाता है, आचार्य कहते हैं। सीबीएसई पाठ्यक्रम को वैश्विक शैक्षिक मानकों के साथ संरेखित करने और छात्रों के बीच महत्वपूर्ण कौशल के विकास को बढ़ावा देने के लिए सीबीक्यू पर फोकस बढ़ाना आवश्यक था। इस दृष्टिकोण की प्रभावशीलता, जैसा कि 2024 के बोर्ड परिणामों में परिलक्षित होता है, इंगित करता है कि इसमें औसत शिक्षार्थियों सहित सभी छात्रों के लिए सीखने के अनुभव को बढ़ाने की क्षमता है। निरंतर समर्थन और अनुकूलन के साथ, सीबीक्यू प्रारूप छात्रों को ज्ञान की गहरी समझ और अनुप्रयोग प्राप्त करने में मदद कर सकता है, अंततः उन्हें भविष्य की शैक्षणिक और व्यावसायिक सफलता के लिए तैयार कर सकता है, श्री राम यूनिवर्सल स्कूल, बेंगलुरु की प्रिंसिपल शैलजा मेनन का कहना है कि कम सीबीक्यू के पक्ष में दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों (एलएक्यू) पर जोर देने से अधिक वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। हालाँकि, यह बदलाव छात्रों के लेखन और संचार कौशल में संभावित गिरावट और औसत छात्रों के लिए चुनौतियों के बारे में चिंता पैदा करता है, जिनके लिए एमसीक्यू में स्कोर करना कठिन हो सकता है। मेनन कहते हैं, इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए, स्कूल लेखन कार्यों, परियोजना रिपोर्ट और प्रस्तुतियों को पाठ्यक्रम में एकीकृत कर सकते हैं, जिससे दक्षताओं का संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### वृष
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

### मिथुन
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### कर्क
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

### सिंह
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

### कन्या
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

### तुला
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### वृश्चिक
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

### धनु
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

### मकर
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

### कुंभ
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### मीन
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# केवाईसी बनी गलफांस, भूखे-प्यासे कतार में लगने को मजबूर ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** प्रदेश में केवाइसी (नो योर कस्टमर) करवाना सरकार व खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र लोगों दोनों के लिए फांस बन गया है। सरकार के लाख जतन करने के बावजूद किसी भी जिले में खाद्य सुरक्षा के पात्र लोगों के केवाईसी करने के नजदीक नहीं है। इसकी अंतिम तिथि 30 जून होने के कारण पात्र लोगों के परिजनों को काम-काज छोड़कर रोजाना कतार में खड़े होना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को है। जिनके आधार अपडेट नहीं है। उनको भोर होते ही आधार अपडेट कराने के लिए कतार में लगना पड़ रहा है। वहां भी किसी के अंगूठे का निशान नहीं आ रहा तो किसी के आंखे तक स्कैन नहीं हो रही। जिससे केवाईसी नहीं हो रही है। कई लोगों के आधार की सीडिंग नहीं हुई है। उनको आधार अपडेट कराने के बाद पहले आधार सीडिंग करानी पड़ रही है। खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र लोगों लिए हर सदस्य की केवाईसी करवाना जरूरी है। ई- केवाईसी करवाने के बाद ही राशन उपभोक्ता को राशन सामग्री देने के आदेश पर राज्य भर में विभिन्न ब्लॉक मुख्यालय राशन की दुकान व आधार सेंटरों पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। 41 डिग्री तापमान



भीषण गर्मी में आधार सेंटर, राशन की दुकानों पर छाया की व्यवस्था नहीं होने से आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। दुकानदारों के द्वारा उपभोक्ताओं को सूचना देने पर राशन की दुकानों पर रोजाना बड़ी भीड़ उमड़ रही है। राशन दुकानों पर भीड़ पहुंचने से पहले जिन उपभोक्ताओं के आधार कार्ड में संशोधन करवाना है, उन्हें आधार सेंटर पहुंचना पड़ता है। जिले में 5 वर्ष से छोटे बच्चों के आधार कार्ड बिना फिंगर पहले बने हुए थे। अब फिंगरप्रिंट अपडेट करवा कर खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर ई-केवाईसी करवाना जरूरी है। इस पर जिले के विभिन्न उपखंड, ब्लॉक स्तर पर आधार सेंटरों पर भीड़ उमड़ी नजर आ रही है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में आधार सेंटर होने से आमजन को आधार संशोधन करवाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

**मिलते हैं सिर्फ गेहूं :** राशन की दुकानों पर अभी केवल गेहूं मिलते है। वह भी केवल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएसएफए) में चयनित लोगों को ही मिलता है। केवाईसी कराने से इस योजना में फर्जी जुड़े या जिन लोगों की मृत्यु के बाद भी उनके नाम से गेहूं लिया जा रहा है। उनके नाम हटेंगे। इसके बाद एनएफएस में नए नाम जुड़ सकेंगे। जो अभी नहीं जोड़े जा रहे है।

### समय की बर्बादी के साथ आर्थिक नुकसान भी


नटवाड़ा क्षेत्र के कई गांवों में आधार सेंटर नहीं होने से ग्रामीणों का समय बर्बाद होने के साथ ही आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों को किराया खर्च कर निवाई या टोंक आना पड़ता है साथ ही कई-कई दिन तक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वही ग्रामीण क्षेत्र में एक भी आधार सेंटर संचालित नही हो रहा है। क्षेत्र में आधार को अपडेट कराने के केन्द्र बहुत कम है। तहसील एवं जिला मुख्यालय पर ही आधार अपडेट किए जाते है। ऐसे में वहां सुबह छह बजे से लोग कतार लगाकर बैठ जाते है। यह कतार पूरे दिन समाप्त नहीं होती है। गांवों व कस्बों में आधार अपडेशन का कार्य भी एक-दो जगह पर हो रहा है। कमला देवी ने बताया कि केवाइसी कराने राशन की दुकान पर गई थी। वहां मेरे बच्चों के अंगूठे के निशान नहीं आ रहे है। मेरे गेहूं आने बंद हो सकते है। लेकिन आसपास आधार केंद्र नही होने के कारण आधार ठीक कराने में बहुत परेशानी आ रही है।

## सांसद हरीशचंद्र मीना ने ली शपथ

# अंत में बोले- जय जवान, जय किसान जय संविधान, जय भीम, राम-राम सा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद हरीशचंद्र मीना ने मंगलवार को नए संसद भवन दिल्ली में सांसद पद की शपथ ली। शपथ के अंत में उन्होंने जय जवान, जय किसान, जय संविधान, जय भीम, राम-राम साबोला। इससे उन्होंने मैसेज दिया कि वे नौजवान, किसानों, दलितों के हितों के लिए संविधान के अनुरूप आवाज उठाते रहेंगे। सांसद हरीशचंद्र मीना दूसरी बार सांसद बने है। इससे पहले वे छ्त्नक्क से वीआरएस लेकर 2014 में बीजेपी से पहली बार दौसा संसदीय क्षेत्र से सांसद बने थे। उसके बाद वे 2018 में अचानक बीजेपी से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस ने उन्हे देवली-उनियारा विधानसभा से स्रूका टिकट दिया और वे चुनाव जीतकर पहली बार कांग्रेस पार्टी के सिम्बल पर विधायक बन गए। पार्टी ने इनके काम करने के तरीके और अच्छी छवि को देखते हुए दूसरी बार देवली-उनियारा सीट से ही दुबारा टिकट दिया। मीना फिर विधायक बन गए। कांग्रेस पार्टी ने करीब 6 महीने बाद ही इन पर भरोसा जताते हुए टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट से सांसद का टिकट दे दिया। इसमे मीना ने करीब 68 हजार वोटों से जीत हासिल की। इन्होंने बीजेपी प्रत्याशी लगातार 2 बार सांसद रहे सुखबीर सिंह जौनापुरिया को हराया। सांसद बनने के बाद गत दिनों हरीशचंद्र मीना ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। मंगलवार को नए संसद भवन



दिल्ली में सादगी पूर्वक सांसद पद की शपथ थी।

**राजस्थान के पहले 2 भाई जो डीजीपी सांसद रहे :** सांसद मीना का जन्म 5 अक्टूबर 1954 हुआ था। इनके एक पुत्र और एक पुत्री है। सांसद मीना मूलत सवाई माधोपुर जिले के बामनवास के रहने है। अब स्थाई रूप से जयपुर के निवासी हैं। ये आईपीएस अधिकारी थे। राजनीति में आने से पहले राजस्थान के डीजीपी थे। इनका पूरा परिवार बड़े पदों पर रहा है और है। इनके बड़े भाई नमोनारायण मीना भी राजस्थान डीजीपी रह चुके हैं। खास बात यह है कि ये दोनों भाई राजस्थान के डीजीपी रह चुके है और एक ही सीट टोंक-सवाई माधोपुर से कांग्रेस से सांसद भी चुने जा चुके है।

## स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय महाविद्यालय में प्रवेश के लिए स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में ऑनलाइन आवेदन 26 जून तक होंगे। स्नातक प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर मदनमोहन महावर ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में ऑनलाइन आवेदन 26 जून तक होंगे और अंतिम वरियता सूची का प्रकाशन 1 जुलाई को होगा। पूरी प्रक्रिया के बाद 8 जुलाई को कॉलेज में कक्षाएं शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रांसजेंडर व शहीदों के पुत्र पुत्रियों को न्यूनतम उत्तीर्णांक पर प्रवेश मिलेगा। जिन विद्यार्थियों के माता-पिता दोनों की अथवा जिन छात्राओं के पति की मृत्यु कोविड से हो गई है उन्हें भी न्यूनतम उत्तीर्णांक पर प्रवेश मिलेगा। सह शिक्षा वाले कॉलेज में 30 फीसदी सीट छात्राओं के लिए रिजर्व रहेंगे।

इसी सेशन से गवर्नमेंट कॉलेज में आत्मरक्षा की उच्चतम श्रेणी ब्लैक बेल्ट योग्यता धारी छात्राओं की प्रवेश योग्यता सूची में मेरिट लिस्ट निर्धारण में 5 फीसदी बोनस अंक मिलेंगे। गाइडलाइन के अनुसार एडमिशन में आर्ट्स कॉमर्स में 45 और साइंस में 48 फीसदी है। प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि विद्यार्थियों को आवेदन ऑनलाइन भरना होगा या ई मित्र तथा अपने स्तर पर विद्यार्थी भर सकेंगे। आवेदन में सबसे पहले संबंधित विद्यार्थी को एसएसओ आईडी बनानी होगी। इसी के माध्यम से फॉर्म भरने की प्रक्रिया होगी। इसमें सिटीजन सोशल एप्लीकेशन में इसकी प्रक्रिया करनी होगी। ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपने जन आधार नंबर को सही भरें।

कक्षा 10वीं व 12वीं की मार्कशीट कैटिगरी सर्टिफिकेट जो निर्धारित शर्तें पूरी करता हो बोनस अंक के लिए क्लेम वाले प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए नोडल अधिकारी प्रोफेसर मदनमोहन महावर व मीडिया प्रभारी डॉ. सुमन से जानकारी ले सकते है।

## अल्पसंख्यक बालक आवासीय छात्रावास में प्रवेश 22 जुलाई तक-नितेश जैन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राजकीय अल्पसंख्यक बालक आवासीय छात्रावास, टोंक में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9 समेत विद्यालय, महाविद्यालय, शिक्षण संस्थाएं एवं व्यावसायिक संस्थाएं आदि में पढ़ने वाले अल्पसंख्यक छात्रों से सोमवार, 22 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नितेश जैन ने बताया कि आवेदक अपने आवेदन अल्पसंख्यक कार्यालय एवं डाक द्वारा जमा करा सकते है। जैन ने बताया कि प्रवेश की अधिक जानकारी जिला अल्पसंख्यक कार्यालय में आकर ली जा सकती है।

### विद्या संबल योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

विद्या संबल योजना में 21 वर्ष के किसी भी अभ्यर्थी एवं 65 वर्ष के आयु वाले सेवानिवृत्त शिक्षक अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय टोंक में विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी के रूप में हिंदी, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं उर्दू विषय के लिए 1 जुलाई दोपहर 12 बजे तक अपना आवेदन कर सकते है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नितेश कुमार जैन ने बताया कि अल्पसंख्यक कार्यालय में विद्या संबल योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, स्नातक, बीएड एवं रीट उत्तीर्ण जिसकी समयावधि समाप्त न हो परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांकों पर वरीयता सूची के आधार पर किया जायेगा। जैन ने बताया कि आवेदक अधिक जानकारी अल्पसंख्यक कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है।

## आगामी मानसून को देखते हुए आपदा प्रतिसाद बल की 9 टीमें तैनात

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राज्य में आगामी मानूसन के तहत संभावित अतिवृष्टि तथा बाढ़ वाले जिलों में आपदा राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ के कमांडेंट के निर्देश पर राज्य आपदा प्रतिसाद बल की 9 टीमें तैनात की गई है। कंपनी की कमांडर उर्मिला राज ने बताया कि कंपनी की 9 रेस्क्यू टीमों को अजमेर, भीलवाडा, नागौर, टोंक, केकड़ी एवं बूंदी में नियोजित किया गया है।

### नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक गुरुवार को

नगर परिषद टोंक बोर्ड की साधारण सभा की बैठक सभापति अली अहमद की अध्यक्षता में गुरुवार, 27 जून को प्रातः 11 बजे अग्निशमन केंद्र स्थित हॉल में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी नगर परिषद आयुक्त ममता नागर ने दी है।

## एमडीएस स्कूल के 5 छात्रों ने मारी बाजी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीनियर सैकण्डरी विज्ञान वर्ग में उच्च माध्यमिक एमडीएस स्कूल के 5 छात्रों ने बाजी मारी है। विद्यालय निदेशक श्यामसुन्दर शर्मा के सानिध्य में विद्यालय परिवार द्वारा छात्रों का पुरस्कार देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य गंगाधर बैरवा व कोषाध्यक्ष ब्रजसुन्दर शर्मा ने बताया कि विद्यालय के छात्र शीतल स्वामी ने 93.60 प्रतिशत, राजश्री मीणा ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसी प्रकार सैकण्डरी बोर्ड परीक्षा में छात्र परमेश्वर मीणा ने 92.33 प्रतिशत, शेलेन्द्र मीणा ने 92.17 प्रतिशत एवं हेमराज सैनी ने 91.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## चेजा पत्थरों से भरा एक ट्रेक्टर-ट्राली जब्त



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रेंज निवाई में उप वन संरक्षक टोंक मारिया साइन ए के निर्देशानुसार अवैध खनन पर कार्यवाही करते हुए रेंजर लक्ष्मीकांत जैमन के निर्देशन में मंगलवार को वनखंड निवाई के वन क्षेत्र काबरी खाल में अवैध खनन करते हुए चेजा पत्थरों से भरा एक ट्रेक्टर-ट्राली को जब्त करके रेंज परिसर में खडा करवाया गया। कार्यवाही के दौरान गश्त दल प्रभारी सहायक वनपाल मोहनलाल मीना, वनरक्षक बद्रीलाल भारी, रामराज मीना, रामकुवार गुर्जर, सावित्री चौधरी, धोली मीना, रिंकु चौधरी व राजेश नायक सहित कई वनकर्मी मौजूद थे।

## सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर चला पालिका का पीला पंजा, अतिक्रमियों में मचा हड़कंप



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शहर में स्थित झिलाय रोड रेलवे फाटक के पास खेडा पटेल कॉलोनी में नगरपालिका प्रशासन व पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट के निर्देशानुसार जेसीबी मशीन से सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान अतिक्रमियों द्वारा विरोध करने पर समझा बुझाकर अतिक्रमण हटाया गया। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि रेलवे फाटक के पास खेडा पटेल कॉलोनी में लोगों ने चार दीवारी व पक्का निर्माण करके अतिक्रमण कर रखा था। जिसकी लोगो द्वारा नगरपालिका कार्यालय में शिकायत करने पर मंगलवार को जेसीबी मशीन की सहायता से नगरपालिका के अक्रिमण निरोधक दस्ते द्वारा अतिक्रमण को ध्वस्त करके नगरपालिका सम्पति को बोर्ड लगा दिया गया। इस दौरान अतिक्रमियों द्वारा विरोध करने पर समझा बुझाकर अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर तमाशबीन लोगों की भीड जमा रही। जिनको पुलिस प्रशासन द्वारा खदेडा गया।

इस अवसर पर नगरपालिका आरआई मनीष गौर, सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा, कनिष्ट अभियंता राजप्रतापसिंह राणावत, स्वास्थ्य निरीक्षक बाबूलाल पंडा, सहायक अभियंता पप्पूलाल मीणा व सहायक राजस्व अधिकारी गजेन्द्रसिंह राजावत सहित कई पालिका के कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश : 5 बदमाश गिरफ्तार, चोरी की 12 बाइक भी की जब्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** टोंक में कोतवाली थाना पुलिस ने बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश किया। पुलिस ने 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 12 बाइक भी बरामद की है। डीएसपी राजेश विद्यार्थी ने बताया कि टोंक शहर के हेमू कालानी सर्किल के पास स्थित पब्लिक पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थानों से गत दिनों से बाइक्स चोरी हो रही थी। इस पर पुलिस ने अपना नेटवर्क बिछाते हुए तकनीकी अनुसंधान सहित अन्य संसाधनों के सहयोग बाइक चोर गिरोह के 5 सदस्यों को मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सोनवा निवासी नवल सैनी, बावड़ी



निवासी हफ़ीज़ कुरैशी को गिरफ्तार किया है। साथ ही इनसे चोरी की बाइक खरीद कर बेचने के मामले में पुलिस ने मोरडा निवासी आरोपी विकाश, लाखेरी (बूंदी) निवासी आरोपी सादिक उर्फ़ गुड्डू, शोरगरान मोहल्ला निवासी आरोपी दानिश को गिरफ्तार किया है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज है। आरोपी मास्टर चाबी के ज़रिए बाइक का लोक खोल कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चुराई गई बाइक के नंबर बदल कर उन्हें बूंदी सहित आसपास के इलाकों में सस्ते दामों पर बेचते थे। पुलिस को गिरफ्तार आरोपियों से बाइक चोरी की और भी कई वारदात खुलने की आशंका है।

## न्यायाधीश द्वारा विमंदित मानसिक गृह मानव सेवा संस्थान, देवली का निरीक्षण कर जाँची व्यवस्थाऐं



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** दिनांक 25.06.2024 को माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रकरण रिट पीटिशन सं. 5536/16 दिनांक 31.05.2016 को पारित आदेश की पालना में एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार श्री दिनेष कुमार जलुथरिया (अपर जिला एवं सेषन न्यायाधीष), सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा दिनांक 25.06.2024 को पंजीकृत मानसिक दिव्यांग पुनर्वास गृह मानव सेवा संस्थान, देवली का मासिक निरीक्षण किया गया। दौराने निरीक्षण 50 में 32 बालक उपस्थित मिले तथा अनुपस्थित बालकों के बारे में श्रीमती आषा शर्मा, अधीक्षिका बालगृह देवली ने बताया कि ग्रीष्मावकाष के कारण बालक अपने निवास को गए हैं, जिसके संबंध में न्यायाधीष द्वारा अवकाष प्रार्थना-पत्र पृथक से लेने हेतु दिषा-निर्देष प्रदान किए। न्यायाधीष द्वारा निरीक्षण के दौरान संस्थान में भवन की स्थिति, बच्चों के लिये बिस्तरों की पर्याप्त व्यवस्था, खेल-कूद के लिए परिसर, बच्चों की शिक्षा के बारे में जानकारी, भोजन की गुणवत्ता, भवन की साफ-सफाई, मनोविज्ञानी व स्वास्थय परीक्षण, मौसम को दृष्टिगत रखते हुये कूलर, पंखों, संस्थान द्वारा संधारित किये जा रहे रजिस्टरों, स्टाफ मैम्बर्स आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं व्यक्तिगत रूप से जाँच की गई। संस्थान संचालक को समय समय पर बच्चों का मेडिकल परीक्षण करवाये जाने के संबंध में दिषा-निर्देष प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान भवन में साफ-सफाई की पर्याप्त मात्रा पाई गई।

## सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत टोंक उपखंड में 2 लाख 50 हजार पौधे लगाए जाएंगे

### उपखंड अधिकारी राहुल सैनी ने जखीरा नर्सरी का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** उपखंड अधिकारी, टोंक राहुल सैनी मंगलवार को वन विभाग में स्थित जखीरा नर्सरी का निरीक्षण किया। आगामी मानसून में सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत टोंक उपखंड में 2 लाख 50 हजार पौधे लगाये जाएंगे। जिसके तहत उपखंड अधिकारी सैनी ने जखीरा नर्सरी में उपस्थित सभी प्रकार के पौधों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वन विभाग नर्सरी में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के फूलदार एवं छायादार पौधों के बारे में उपखंड अधिकारी को अवगत करवाया।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने वन विभाग को कार्मिकों को स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि नगर परिषद द्वारा 74 हजार पौधे, शिक्षा विभाग एवं पंचायत समिति टोंक द्वारा 20 हजार पौधे लगाये जाने का लक्ष्य रखा है। निरीक्षण के दौरान सहायक वन संरक्षक हृदय सुमन शेखावत, अभिषेक भट्ट नागर एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी सीताराम समेत अन्य उपस्थित रहे।

पौधारोपण महाभियान में मंगलेश्वरी महादेव व्यायाम शाला में पौधारोपण

## स्व सैनी सादगी और अनुशासन की प्रतिमूर्ति थे : डॉ दुर्गा शंकर सैनी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भाजपा, राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद स्व. मदन लाल सैनी की पांचवी पुण्यतिथि से शुरू किया पौधारोपण महाअभियान में दूसरे दिन श्री मंगलेश्वरी महादेव व्यायाम शाला सुभाष नगर पार्क में समाज सेवी डॉ दुर्गा शंकर सैनी के नेतृत्व अखाड़ा प्रमुख गायत्री सुमन और महिला पहलवानों ने दर्जनों पौधे लगाए और रक्षा का संकल्प किया। इस अभियान में दामाद डॉ. सैनी , अखाड़ा प्रमुख गायत्री सुमन,संतोष कंवर, सोनिया परिड्वाल, प्रिया,नरेंद्र नागर,भावना सुमन ,मुकेश मालव उपस्थित रहे।

## जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने व मोबाईल लूटने के आरोप में दो गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** बरोनी थाना पुलिस ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने व मोबाईल लूटने के फरार दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश जाट ने बताया कि 16 माह से फरार आरोपी मनराज उर्फ मनराज दिवाना पुत्र रघुनाथ गुर्जर निवासी रजमाणा थाना चौथ का बरवाडा जिला सवाईमाधोपुर व तुलसीराम पुत्र जगदीश गुर्जर निवासी अरनिया केदार थाना सदर टोंक को गिरफ्तार किया है।

## शिविर में 72 लाइसेंस जारी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त पंकज ओझा के निर्देश पर कृषि उपज मंडी निवाई में मंगलवार को खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया गया। शिविर में व्यापारियों के 72 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से सभी व्यापारियों को खाद्य लाइसेंस जारी किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि जिन व्यापारियों ने अभी तक लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वे शिविर में या ईमेल द्वारा खाद्य लाइसेंस के लिए आवेदन करें।

# बाड़ी आधार सेंटर का विंडो बंद, लोगों ने किया प्रदर्शन

## संचालक को बुलानी पड़ी पुलिस; लोग बोले- सुबह से घंटों तक लाइन में लगे रहते हैं, लेकिन काम नहीं होता

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर( राजू शर्मा )।** बाड़ी शहर के पंचायत समिति स्थित अटल सेवा केंद्र के आधार सेंटर पर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि उन्हें आधार अपडेट करने और संशोधन करने के लिए सुबह बुला तो लिया जाता है, लेकिन विंडो को नहीं खोला जाता। कई बार तो घंटों इंतजार कराया जाता है, इसके बाद विंडो खुलती है। ऐसे में मंगलवार को जब सुबह 9 बजे तक जब विंडो नहीं खुली तो लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने जमकर आधार संचालक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लगातार विरोध के बढ़ते देख आधार हेल्थ डेस्क के कार्मिकों ने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। इसके बाद कोतवाली थाने से पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने भी लोगों से समझाइश की, लेकिन लोग नहीं माने। लोगों ने आरोप लगाया कि 30 जून लास्ट डेट है और अभी तक उनकी आधार अपडेट नहीं हुए है। ऐसे में वे और उनके परिवार खाद्य सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण योजना से वंचित हो सकते हैं। शहर की कीड़ी निवासी राजेन्द्र कुमार, धनोरा रोड निवासी अमर सिंह, भटपुरा निवासी गुड्डी देवी, अजीजपुरा निवासी शबाना सहित ग्रामीण क्षेत्र निजामपुर से आये केदार सिंह ने आरोप लगाया कि उन्हें सुबह आधार अपडेट के लिए सुबह बुला तो लिया गया लेकिन विंडो नहीं खोली गई। ऐसे में काफी इंतजार करने के बाद भी उनको अपनी समस्या का समाधान होते नहीं दिख रहा है। महिलाओं का आरोप है की घंटों लाइन में लगने से घर गृहस्ती में काम नहीं हो पा रहा। उनके आदमी भी अपने कामों को छोड़कर बैठे हैं। बच्चे परेशान हो रहे हैं। भीषण गर्मी के बावजूद आधार सेंटर पर उनका काम नहीं हो रहा। यह समस्या एक-दो दिन से नहीं बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। इसको लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा। शहर में कई आधार सेंटर, लेकिन ज्यादातर बंद लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए हालांकि शहर में कई आधार केंद्र खोले गए हैं लेकिन ज्यादातर बंद हैं। कुछ सेंटरों पर केवल आधार बनाए जाते हैं। अपडेट या संशोधन नहीं होता। ऐसे में केवल पंचायत समिति के अटल सेवा केंद्र के आधार सेंटर पर यह सुविधा उपलब्ध है। इसी को लेकर ज्यादा परेशानी पैदा हो रही है।

**राशन की सीडिंग का काम, इसलिए बढ़ी परेशानी :** एसडीम ऑफिस के वरिष्ठ लिपिक विक्रांत मिश्रा ने बताया कि इन दिनों राशन कार्डों की सीडिंग का काम चल रहा है। जिसमें फिंगर प्रिंट अपडेट किया जा रहे हैं। शहर में केवल एक आधार सेंटर है इसीलिए परेशानी हो रही है। भविष्य में समस्या नहीं रहे इसके लिए और आधार सेंटर खोलने के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा है। सारा काम दिल्ली से होता है इसलिए परेशानी और बढ़ गई है।

# सड़क पर साइड नहीं देने पर दो पक्षों में मारपीट : फायरिंग में 2 लोग घायल, अस्पताल में कराया गया भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के सैंपऊ थाना इलाके के नौरंगाबाद गांव में सोमवार शाम दो पक्षों में सड़क पर साइड लेने पर झगड़ा हो गया। झगड़े में दोनों पक्षों के लोगों ने पथराव और फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक पक्ष के 2 लोग घायल हो गए। जिसमें से एक की गंभीर हालत बताई जा रही है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस टीम तैनात की गई है। पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव सहित कोलारी और सैंपऊ थाने की पुलिस झगड़े को शांत करने में जुटी हुई है। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो बाइक सवार युवक फुलपरा सड़क मार्ग पर नौरंगाबाद अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान फूलपुरा गांव में कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क पर खड़ा कर खाद भरने का काम कर रहे थे। सड़क पर बाइक निकालने के लिए जगह नहीं होने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मामूली विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना को लेकर सीओ आनंद राव ने बताया कि फूलपुरा गांव में सड़क पर साइड लेने पर दो पक्षों में विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के बीच हुए पुलिस संघर्ष में दो व्यक्ति घायल हुए हैं। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमलावर पक्ष के लोग फरार हो चुके हैं। आरोपियों के संभावित ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है। मामला दर्ज कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# पॉश कॉलोनी में सूने मकान के चोरों ने तोड़े ताले: नकदी सहित लाखों का सामान पार पुलिस की गश्त पर उठे सवालियां निशान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार रात चोरों ने शहर की पॉश कॉलोनी में सूने मकान को निशाना बनाया। चोरों ने मकान के ताले तोड़कर करीब ढाई लाख रूपए का सामान साफ कर दिया। पीड़ित मकान मालिक रमेश चंद शर्मा ने बताया कि उनका मकान घंटाघर रोड पर मौजूद है। वह कुछ दिन पहले अपनी बेटी से मिलने उज्जैन गए थे, जबकि उनका किराएदार घर का ताला लगाकर अपने घर गया हुआ था। सुबह पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उन्हें घर के ताले टूटने की सूचना दी। जिस सूचना पर उन्हें चोरी की वारदात का पता चला। चोर उनके घर से करीब 50 हजार की नगदी के साथ किराएदार के घर से करीब ढाई लाख रुपए के गहने और नगदी को पार कर ले गए।

# बानसूर में जीएसटी विभाग की कार्यवाही, व्यापारी के बेटे ने की जीएसटी टीम से छीना झपटी

बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी /धौलपुर( नि.स. )।** बानसूर (नि.स.)। कस्बे में जीएसटी विभाग की टीम ने एक व्यापारी के दो ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की इस दौरान कस्बे के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। विभाग की टीम समाचार लिखे जाने तक व्यापारियों के ठिकानों पर जांच कर रही थी। जानकारी के अनुसार कस्बे के व्यापारी ओमप्रकाश के नारायनपुर रोड़ पर किराना दुकान और ऑयल मील कर रखी है। जहां जीएसटी विभाग की टीम मंगलवार को कार्रवाई करने पहुंची। जीएसटी टीम व्यापारी की दुकान पर कागजों की जांच कर रही थी। इसी दौरान व्यापारी का बेटा आया और टीम के साथ हाथापाई कर कागज लेकर फरार हो गया। इस दौरान विभाग की अधिकारी ऋतु यादव ने बानसूर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बानसूर थाना प्रभारी अरुण सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली और घटना को लेकर सीसीटीवी कैमरे चैक किए। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी जीएसटी विभाग की कार्रवाई चल रही है। अभी तक किसी प्रकार की कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। कार्रवाई पूरी होने के बाद ही मामले का पता लग पाएगा।

# विद्यार्थियों ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन : अतिरिक्त विषय खोलने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजाखेड़ा के राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजन ठाकुर के नेतृत्व में 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कॉलेज शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन को लेकर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा के छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर पूर्व में भी विद्यार्थियों ने मिलकर अवगत कराया है लेकिन अभी तक कोई भी मांग पूरी नहीं हुई है।

**ज्ञापन में यह की मांग :** विद्यार्थियों ने दिए ज्ञापन में महाविद्यालय के अंतर्गत एम.ए में राजनीति शास्त्र के अतिरिक्त अन्य विषय जैसे इतिहास, हिंदी साहित्य, भूगोल, अर्थशास्त्र विषय खोले जाने की मांग की है। जिससे छात्र-छात्राओं को बाहर जाने के लिए मजबूर ना होना पड़े। इसी के साथ महाविद्यालय मे इस सत्र से एनसीसी प्रारंभ की जाए। वहीं सुरक्षा के लिहाज से महाविद्यालय के समीप पुलिस चौकी की व्यवस्था की जाए आदि मांगो को लेकर ज्ञापन दिया।

**ये रहे मौजूद :** ज्ञापन देने वालों में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजन ठाकुर के साथ लव सिंह, रामदेव वर्मा, वीरेंद्र बघेल, गजेंद्र, ध्रुव, आशुतोष, गौरी शंकर, ममता, ललिता, गौरी तोमर, सोनी कुमारी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# चिकित्सक दिवस पर होगा स्वेच्छिक रक्तदान शिविर, प्लांटेशन, चिकित्सको का सम्मान : डॉ. मित्तल

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर द्वारा 1 जुलाई 2024 को सुबह से शाम तक कार्यक्रमों के तहत स्वेच्छिक रक्तदान शिविर, पौधारोपण एवं शाम को मुख्य कार्यक्रम में सीनियर चिकित्सको के सम्मान के साथ 'चिकित्सक दिवस' बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि चिकित्सक दिवस पर होने वाले मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय शर्मा - राज. सरकार - वन,पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौधोगिकी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) , समारोह अध्यक्ष डॉ. के.के.गुप्ता जी , विशिष्ट अतिथि घनश्याम गुर्जर - महापौर नगर निगम अलवर होंगे । आई.एम.ए. अलवर के सचिव डॉ. विजय सिंह चौधरी ने बताया कि 1 जुलाई सुबह 9 बजे से राजकीय राजीव गाँधी सामान्य चिकित्सालय अलवर के ब्लड बैंक में चिकित्सको द्वारा बड़ी संख्या में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा ।सायं 8.00 बजे मुख्य कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों द्वारा आई.एम.ए. हॉल परिसर में पौधारोपण किया जाएगा उसके पश्चात् सभी मुख्य कार्यक्रम के लिए आई.एम.ए. हॉल में एकत्र होंगे । सायं 8.15 बजे सम्मान समारोह - चिकित्सक दिवस पर मुख्य कार्यक्रम के तहत आई.एम.ए.हाल, राजकीय राजीव गाँधी सामान्य चिकित्सालय अलवर परिसर में रात्रि 8 बजे चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ चिकित्सको एवं उनके प्रतिभावान बच्चो का सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर द्वारा सभी चिकित्सको का कुमकुम तिलक और चोकलेट द्वारा स्वागत भी होगा ।

# बाड़ी के सभी ग्राम पंचायतों में होगा वृक्षारोपण

## बारिश के मौसम में लगाए जाएंगे 500 पौधे, मस्टरोल जारी की जा रही है

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर( राजू शर्मा )।** आगामी बारिश के मौसम में बाड़ी उपखंड में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाएगा। पेड़ों की लगातार हो रही कमी से बढ़ती गर्मी को कम करने के लिए प्रशासनिक और आमजन के स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पंचायत राज विभाग की ओर से पौधारोपण को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बारिश के मौसम में 500 पौधे लगाए जाएंगे। इन पौधों की उचित देखभाल सुनिश्चित की जाएगी और उन्हें किसी प्रकार का नुकसान न हो, इसकी योजना बनाई जाएगी। इसी संदर्भ में मंगलवार को बाड़ी पंचायत समिति में पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह ने सभी ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्ठ सहायकों की बैठक ली। बैठक में रामबोल सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के अनुसार योजना बनाई जा रही है, जिसमें बाड़ी ब्लॉक की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 500 पौधे लगाए जाएंगे ।आगामी बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए गड्ढे खुदवाने का काम मंगलवार, 25 जून से शुरू किया जा रहा है। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में मस्टरोल जारी की जा रही है। ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्ठ सहायकों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे पौधा रोपण से लेकर पौधों के बड़े होने तक उनकी देखभाल करें या ग्रामीणों को इसका दायित्व दें। बैठक में सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्ठ सहायक मौजूद रहे, जिन्हें जल्द से जल्द गड्ढे खुदवाकर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। एक सप्ताह में सभी ग्राम पंचायतों को उन्नत किस्म के पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनका पौधा रोपण होगा।प्रत्येक पौधे की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाई जा रही है ताकि वे खराब न हों।

बैठक में सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा, फिरोज खान, राजेन्द्र रावत, कनिष्ठ सहायक विजय सिंह, दुर्ग सिंह के साथ उपखंड की 35 ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग की दबंगई, बोरिंग के लिए निजी भूमि पर लगा दिया ट्रांसफार्मर पीड़ित की शिकायत पर नहीं दिया ध्यान, मामला लोक अदालत में

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड स्थित बड़ा बाग नहर के पास निजी भूमि पर बोरिंग के लिए विद्युत विभाग द्वारा खंबे लगाकर ट्रांसफार्मर लगाने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर पीड़ित किसान परिवार द्वारा जब डिस्कॉम के अधिकारियों से शिकायत की गई तो कोई सुनवाई नहीं हुई है। ऐसे में पीड़ित परिवार के मुखिया रमेश चंद्र पुत्र टुंडाराम वैश्य ने लोक अदालत ,में परिवाद दिया है।

पीड़ित रमेश चंद्र ने बताया कि उनकी खातेदारी की भूमि आर जी खसरा नंबर 885 रकबा .656 खसरा नंबर 886 रकबा.4300 हेक्टेयर,खसरा नंबर 902 रखवा.506 हेक्टेयर कस्बा बाड़ी नंबर एक के बसेड़ी रोड पर नहर किनारे बड़ा बाग एरिया में स्थित है। जिस पर कृषि की जाती है। उक्त भूमि में आधा हिस्सा प्रार्थी रमेश चंद और आधा हिस्सा उसके भाई रामबाबू पुत्र टुंडाराम का है जिस पर वे काश्तकारी कर रहे हैं।3 जून को जब प्रार्थी अपने खेतों पर घूमने गया तो उक्त भूमि पर दो खम्भे गड़े दिखाई दिए जो बिजली विभाग के प्रतीत हुए। उन पर तार भी लगा हुआ था। प्रार्थी ने विद्युत विभाग के कार्यालय जाकर जब उक्त मामले की जानकारी ली तो पता लगा कि उक्त खम्भों पर ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है जो बोरिंग के लिए रखा जाएगा। निजी भूमि पर इस प्रकार डिस्कॉम के अधिकारियों की दबंगई से खंबे लगाकर ट्रांसफार्मर रखना उचित नहीं होने पर जब अधिकारियों को बताया तो अधिकारियों ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की खम्भे लगाने से पहले उनको किसी प्रकार का कोई नोटिस नहीं दिया ना ही जमीन की एवज में कोई मुआवजा दिया है। ऐसे में लोक अदालत में मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने बताया की जहां प्रथम सुनवाई में विद्युत विभाग का कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचा है। पीड़ित ने उनके खेत में से विद्युत खंबे और ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग की है।

# लोक परिवहन बस की टक्कर से घायल युवती से जयपुर अस्पताल में मिले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शहर में तेज रफ़्तार से चलती लोक परिवहन बस की टक्कर से गंभीर घायल हुई स्कूटी सवार युवती जयपुर एसएमएस अस्पताल में भर्ती हैं।दुर्घटना में गंभीर घायल अलवर शहर निवासी युवती से मिलने के लिए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली अस्पताल पहुंचे। उन्होने परिजनों से घटनाक्रम की जानकारी ली। साथ ही चिकित्सकों को निर्देश देते हुए कहा कि युवती के इलाज में किसी भी प्रकार कि कोताही नहीं बरती जाये। उन्होने चिकित्सकों से युवती के मेडिकल कि जानकारी ली। सर में चोट लगने के कारण अभी युवती की हालात गंभीर बनी हुई हैं।उन्होंने बस चालकों एवं आमजन से अपील करते हुए कहा कि हमारी छोटी सी लापरवाही किसी के जीवन को खराब कर देती है,इसलिए सावधानीपूर्वक ट्रैफिक नियमों की पालना करते हुए वाहन चलाए।

उल्लेखनीय है कि भरतपुर से अलवर आ रही लोक परिवहन बस ने आकाशवाणी कट साइड से आ रही स्कूटी सवार शालिनी सैनी पुत्री सुभाष चंद निवासी 60फुट रोड़ को टक्कर मार दी। यहां से करीब 100 मीटर तक बस स्कूटी को लापरवाही से घसीटकर ले गई। इसी दौरान बाइक से आ रहे डॉ विजय सिंह यादव को भी बस ने अपनी चपेट में ले लिया।

# बिगड़ते पर्यावरण को बचाने की मुहीम में ईको क्लब ने शुरू किया प्रयास

## पर्यावरण प्रेमी और खिलाड़ियो के साथ युवाओ से अपील



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर( नि.स. )।** वर्तमान में लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण को बचाने के लिए जहां शासन प्रशासन चिंतित नजर आ रहा है। वहीं स्वयंसेवी संस्थाएं भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आगे आ रही हैं। पर्यावरण बचाने को लेकर बाड़ी शहर के कायस्थ पाड़ा निवासी और धौलपुर के छठी बटालियन आरएसी में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद पर तैनात डॉ परमेश चंद पाठक और उनकी टीम द्वारा बनाये गए ईको क्लब ने एक नई मुहिम शुरू की है। जिसमे बाड़ी शहर और आसपास के क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसके तहत सोमवार को शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान परिसर में 500 पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा है। जिसकी जिम्मेदारी प्रिंस क्लब के सदस्यों को सौंपी है। ऐसे में पौधारोपण को लेकर मशीन से गड्ढे कराए गए हैं। जिनमें जल्द पौधे रोपे जाएंगे। ईको क्लब के हर्षराज पचौरी, धीरज चंसोरिया पप्पी लवानिया, राजू शर्मा, राजू पटेल, प्रेमसिंह पोशवाल, रोशनी शिवहरे, काजल परमार, संध्या शर्मा, नीरज अग्रवाल, शुभम भारद्वाज, ऋषभ दिघर्रा आदि ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए आज पौधरोपण और उनकी देखभाल जरूरी हो गई है। लगातार बढ़ रही गर्मी और फैल रही बीमारियां इसका परिणाम है। इको क्लब के संस्थापक डॉ परमेश चंद पाठक ने बताया कि प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों के नाम पर पौधे लगाने चाहिए और इसका संकल्प लेना चाहिए की वे उनकी बड़े होने तक देखभाल करेंगे। इस दौरान प्रिंस और एक क्लब के प्रमोद मुदगल, डॉ टोनी पाठक, संध्या शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे ।

# वन विभाग ने पकड़े गीली लकड़ियों से भरे दो ट्रैक्टर

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (नि.स.)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बहराम का बास में सोमवार देर रात वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए गीली लकड़ी से भरे दो टैक्टरों को पकड़ा है। आरोपी जंगल से गीली लकड़ी काटकर ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर बेचने जा रहे थे। इसी दौरान बहराम का बास नाके पर वन विभाग की टीम ने दोनों ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। रामपुर नाके के फारेस्टर सुभाष यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की रात को सूचना मिली कि दो ट्रैक्टरों में गीली लकड़ी भरी हुई है और रामपुर की तरफ से आ रही है। इसी दौरान विभाग की टीम ने बहराम में नाकाबंदी कर दोनों ट्रैक्टरों को पकड़ लिया।

उन्होंने बताया कि दोनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों में क़रीब 150 क्विंटल गीली लकड़ियां भरी हुई थी। विभाग की टीम ने दोनों ट्रैक्टर चालकों को पकड़ लिया। दोनों ट्रैक्टर रामनिवास गुर्जर निवासी अजबपुरा के है और गीली लकड़ी काटकर बेचने जा रहें थे।फ़ारेस्टर ने बताया कि दोनों चालकों को पकड़कर उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई है। आरोपियों के खिलाफ़ विभाग की ओर से उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मीटर लगाने गए लाइनमैन के साथ की हथापाई

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बे के कोथल में बिजली का कनेक्शन करने गए लाइनमैन के साथ ग्रामीणों ने मारपीट कर दी और लाइनमैन का सिर फोड़ दिया साथ ही कागजों को फाड़ दिया। घायल हालात में लाइनमैन को बानसूर उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। विभाग के जेईएन राहुल यादव ने पुलिस में रिपोर्ट दी है कि मंगलवार को क़रीब 12.30 बजे लाइनमैन मुखराम गुर्जर कोथल में बुगली देवी पत्नि भीमसिंह के घरेलू कनेक्शन और सर्विस लाइन लगाने गए थे। इस दौरान वहा पर मौजुद राकेश, रामफल, सुबेसिंह सहित कई लोगों ने मीटर लगाने के लिए मना किया और गाली गलौज करने लग गए और मुखराम गुर्जर के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लग गए और लाइनमैन का सिर फोड़ दिया। जिससे लहूलुहान हो गया और कई जगह चोटे आई है। इस दौरान लाइनमैन के हाथ में कागज लेकर फाड़ दिए और राजकार्य में बाधा पहुंचाई गई। उन्होंने बताया की घटना कि सुचना पर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली जिसकी पुलिस को सूचना दी गई। जहा लाइनमैन लहूलुहान हालात में था। पुलिस में रिपोर्ट दी गई है पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।



### कृषि विश्वविद्यालय कोटा का 7वां दीक्षांत समारोह

# विद्यार्थी विकसित भारत की संकल्पना के सहभागी बनें : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों के लिए हितकर योजनाओं का निर्माण ही नहीं करे बल्कि वे आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के प्रसार केन्द्र के रूप में भी अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त कर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में सहभागी बनने का भी आह्वान किया है।

राज्यपाल मंगलवार को कृषि विश्वविद्यालय कोटा के सातवें दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल एवं उपाधियां प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत समारोह में 310 अभ्यर्थियों को उपाधियां जबकि 10 अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में 6 छात्राएं एवं 4 छात्र शामिल थे। राज्यपाल ने छात्राओं के कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने पर बधाई देते हुए कहा कि कृषि शिक्षा में छात्राओं ने तेजी से आगे बढ़कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यह देश एवं समाज के लिए शुभ लक्षण है। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों का आह्वान किया कि वे पारम्परिक खेती के साथ ही दूसरे देशों में कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयोगों को ध्यान में रखते हुए किसानों की उपज बढ़ाने की दिशा में प्रयास करें। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीक के प्रयोग पर जोर दिया। राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में ''कुलपति विद्यार्थी संवाद'' नवाचार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संवाद विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें युग की चुनौतियों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।



विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 के दौरान चना, मसूर व उड़द फसलों की 5 नई उन्नत किस्में अनुमोदित करने एवं 29 नई उन्नत तकनीकियां विकसित करने तथा 14 हजार 807 क्विंटल उच्च गुणवत्ता का बीज कृषकों को उपलब्ध करवाने के लिए उन्होंने पूरे विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। दीक्षांत अतिथि एवं रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय विश्वविद्यालय झांसी के चांसलर प्रो. पंजाब सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि के क्षेत्र में शोध एवं अध्ययन करने वाले युवाओं का भविष्य उज्जवल है, क्योंकि इस क्षेत्र में ग्रोथ की संभावनाएं काफी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभय कुमार व्यास ने विश्वविद्यालय को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

समारोह की शुरूआत में राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका एवं मूल कर्तव्यों का वाचन किया। श्री मिश्र ने सभी उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विज्ञान-स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी सुश्री श्वेता चुघ, विज्ञान-स्नातक (ऑनर्स) वानिकी संजय सैनी, विज्ञान-स्नातक (ऑनर्स) कृषि युक्तेश औदिच्य, विज्ञान-निष्णात् (उद्यानिकी) फल विज्ञान विश्वदीप बाल्यान, विज्ञान-निष्णात् (कृषि) उद्यान विज्ञान सम्पत्ति यादव, विज्ञान-निष्णात् (कृषि) अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन अश्विनी मेहता, विज्ञान-निष्णात् (कृषि) मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन बरखा कुमारी वर्मा, विज्ञान-निष्णात् (कृषि) पादप रोग विज्ञान मनराज धाकड़ को प्रदान किया गया। कुलपति स्वर्ण पदक विज्ञान-स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी सुश्री श्वेता चुघ को जबकि कुलाधिपति स्वर्ण पदक विज्ञान-निष्णात् (कृषि) अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन अश्विनी मेहता को प्रदान किया गया। दीक्षान्त समारोह में विधायक लाडपुरा कल्पना देवी, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. एसके सिंह, कोटा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा सिंह सहित कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# हर किसान को मिले हर खेत को सिंचाई का अधिकार : भारतीय किसान संघ

### भारतीय किसान संघ की बैठक में बजट मांगों पर चर्चा, बजट में 'राइट टू इरिगेशन' का प्रावधान करने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भारतीय किसान संघ ने किसानों को सिंचाई का अधिकार 'राइट टू इरिगेशन' देने की मांग की है। संघ की बैठक मंगलवार को मानव विकास भवन पर आयोजित हुई। जिसमें किसान के हर खेत को पानी का अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान बजट मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले कोटा के किसान प्रतिनिधि आशीष मेहता, जगदीश कलमंडा और गिरिराज चौधरी ने किसानों को बजट मांगों के बारे में जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता जगदीश कलमंडा ने की। वहीं प्रांत संगठन मंत्री परमानंद, प्रांत प्रचार प्रमुख आशीष मेहता, महिला प्रमुख रजनी धाकड़ तथा सम्भाग महिला प्रमुख रमा शर्मा ने भी संबोधित किया।

बैठक के दौरान सरकार से पूर्वी नहर परियोजना, परवन परियोजना से अधिकतम क्षैत्र को लाभान्वित करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि मंडाना उपतहसील के 91 गांवों को सिंचाई और पीने के पानी के लिए चंबल नदी से पानी लिफ्ट किया जाना चाहिए। वहीं आलनिया बांध में चंबल का पानी डालकर सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। रामगंजमंडी क्षेत्र में ताकली परियोजना से कई सारे गांव छूट गए हैं। इन शेष गांवों को ताकली परियोजना से जोड़ने की घोषणा होनी चाहिए। कनवास क्षेत्र के झालरी, उरना, खजूरना, खजूरी, बांस्याहेड़ी, आंवा को वृहद परवन सिंचाई परियोजना से जोड़ा जाना चाहिए। सावन भादो परियोजना से निकली नहरों में सिंचाई के लिए पक्के धोरे बनाए जाएं। दीगोद, सुल्तानपुर क्षेत्र के टेल के किसानों को पूर्वी नहर परियोजना से जोड़कर सिंचाई का पानी देना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सीएडी के चीफ इंजीनियर का मुख्यालय कोटा में किया जाए। बैठक में जिला मंत्री रूपनारायण यादव, कोषाध्यक्ष देवीशंकर गुर्जर, अश्विनी जैन, महावीर नागर, राजेंद्र नागर, कजोड़ी लाल मीणा, महावीर सुमन, भवानीशंकर नामा, दाऊशंकर शर्मा, बिरधीलाल यादव, जितेंद्र नागर, जितेंद्र चौधरी, गिरीराज गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन को मिला सर्वोच्च क्लब का सम्मान

### डॉ. रोशनी मिश्रा को बेस्ट प्रेसिडेंट का सर्वोच्च (गोल्ड) अवार्ड मिला, राउंड टाउन ने जीते सर्वाधिक 37 अवार्ड

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** वर्ष पर्यंत किए गए उत्कृष्ट सेवा, सहायता व अन्य क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन को सर्वोच्च क्लब का सम्मान मिला मिला है। भीलवाड़ा में आयोजित सम्मान समारोह में प्रांत के 90 क्लब्स में से विभिन्न श्रेणी के सर्वाधिक 37 अवार्ड भी क्लब ने प्राप्त किए। एक साथ इतने अवार्ड जीतने के बाद टीम की खुशी मंच पर साफ झलकती नजर आई। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 अवार्ड (सत्र 2023-24) सेरेमनी का आयोजन भीलवाड़ा में स्थित होटल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. निर्मल कुनावत, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब्स को उनके द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन को बेस्ट क्लब और डॉ. रोशनी मिश्रा को बेस्ट प्रेसिडेंट का सर्वोच्च (गोल्ड) अवार्ड मिला। इसी क्रम




में रो. राम गोपाल अग्रवाल को रोटरी नवरत्न, बेस्ट चैयरमेन, डिस्ट्रिक्ट सर्विस अवार्ड, एक्टिव रोटेरियन अवार्ड,आदि प्राप्त हुए। रो. विमल चंद जैन को बेस्ट सेक्रेटरी का अवार्ड मिला। डॉ. अरुणा अग्रवाल को बेस्ट चैयरमेन, क्लब एवेन्यू सर्विस अवार्ड मिला। क्लब अध्यक्ष डॉ. रोशनी मिश्रा ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट 3056 के 90 क्लब्स के सेवा कार्यों का अवलोकन करने के बाद डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्मल कुनावत ने रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन को डिस्ट्रिक्ट के सर्वोच्च क्लब के पुरुस्कार से भी नवाजा।

**सेवा को समर्पित राउंड टाउन को मिले यह अवार्ड :** डॉ. रोशनी ने बताया कि क्लब को अन्य कैटेगरीज में बेस्ट गवर्नर विजिट अवार्ड, बेस्ट वोकेशनल सर्विस अवार्ड, बेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम अवार्ड, बेस्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अवार्ड, बेस्ट मेन्टल हेल्थ प्रोग्राम अवार्ड, बेस्ट यूथ सर्विस अवार्ड, बेस्ट कम्युनिटी सर्विस अवार्ड, बेस्ट पब्लिक रिलेशन अवार्ड, प्रेसिडेंट - सेक्रेटरी ट्रेनिंग अवार्ड, वाइब्रेंट क्लब अवार्ड, गवर्नर साइटेशन अवार्ड, सिग्निफिकेंट सर्विस अवार्ड मिले। क्लब ट्रेनर राम गोपाल अग्रवाल ने बताया कि इंडिविजुअल कैटिगरीज में सुरेश काबरा को वोकेशन सर्विस अवार्ड, रोटेरियन रामगोपाल अग्रवाल को इंटरनेशनल सर्विस अवार्ड, नेमीचंद शर्मा को कम्युनिटी सर्विस अवार्ड, डॉ अरुणा अग्रवाल को क्लब सर्विस अवार्ड, डॉ.अमित राज दुबे को यूथ सर्विस अवार्ड एवं अनुपमा अग्निहोत्री, डॉ.एम.डी चित्तौड़ा, राम गोपाल अग्रवाल एवं रो. डॉ. रोशनी मिश्रा को डिस्ट्रिक्ट सर्विस अवार्ड भी प्राप्त हुए। क्लब की ओर से रो.रामगोपाल अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ.रोशनी मिश्रा, सुरेश काबरा, आर.सी. पारीक, अनुपमा अग्निहोत्री, महेश अग्निहोत्री आदि ने पुरुस्कार प्राप्त किए। रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन को विभिन्न वर्गों में कुल 37 अवार्ड मिले जो कि रोटरी प्रांत 3056 के 90 क्लब में से किसी भी क्लब को मिले अवार्डों में सर्वाधिक है।

# नगर पालिका का फायरमैन ट्रैपः बिल पास करने की एवज में 5 हजार मांगे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** एंटी करप्शन ब्यूरो कोटा टीम ने सांगोद कस्बे में ट्रैप कार्रवाई की है। टीम ने सांगोद नगर पालिका के फायरमैन को 4 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। फायरमैन देवेंद्र बिल पास करने की एवज में परिवादी से रिश्वत की डिमांड कर रहा था। परिवादी ने इसकी शिकायत कोटा एसीबी चौकी में दी। जिसके बाद कोटा की टीम ने सांगोद जाकर ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया।

एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार के अनुसार परिवादी ने नगर पालिका सांगोद में हुए कार्य में एलईडी वॉल लगाने का काम किया था। जिसका 18 हजार का भुगतान बाकी था। बिल पास करने की एवज में फायरमैन देवेंद्र ने 5 हजार की डिमांड की। 4 हजार में सहमति बनी। परिवादी की शिकायत पर मामले का सत्यापन करवाया। सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। जिसके बाद आज टीम ने सांगोद में ट्रैप का जाल बिछाया। दोपहर साढ़े 4 बजे परिवादी ने नगर पालिका में जाकर फायरमैन को रिश्वत की रकम दी। टीम ने फायरमैन को पकड़ लिया। फायरमैन ने लेखाशाखा रूम में बैठकर रिश्वत ली। फायरमैन के पास पहले लेखाशाखा का काम था। फिलहाल कार्रवाई जारी है। आरोपी के घर व सम्भावित ठिकाने पर सर्च कार्रवाई जारी है।

# रक्तदान शिविर में 101 यूनिट हुआ रक्त संग्रह, 1 देहदान, 4 नेत्रदान व एक ने लिया मरणोपरान्त अंगदान का संकल्प





बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन( नि.स. )।** मानव रक्त जीवन के प्रमुख महत्वपूर्ण घटको में से एक है, जिसका निर्माण कृत्रिम तरीके से नही किया सकता। रक्त की जरूरत विशेषकर थैलेसीमिया बच्चे, शल्य चिकित्सा, गर्भवती महिलाओं व दुर्घटना के केस में सबसे ज्यादा होती है ,रक्त की कमी को पूरा करने हेतु सामाजिक संस्थाएं प्रयासरत है। इसी क्रम में टीम मंजुश्रीस्नेहसंस्थान से संस्थान द्वारा पिछले 4 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन करती है साथ ही आमजन में जागरूकता लाने हेतु रक्तदान शिविरों का आयोजन करवाती है।वही मंगलवार को टीम की प्रेरणाणास्त्रोत स्व. श्री मंजू लता मोमिया की जन्मतिथि के अवसर पर हर वर्ष की भांति विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन श्री पार्श्वनाथ भवन में किया गया जिसमें शहर के युवाओं व सामाजिक संस्थाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

**सामाजिक संस्थाओं का रहा सहयोग :** अग्रवाल महिला मंडल, सांची सखी विमेंस एंपॉवर्ड सोसाइटी, विप्र फाउंडेशन, श्री बांशीवाला श्याम मंदिर सेवा समिति, अधिवक्ता टीम,गोमतेश्वर महादेव सेवा समिति, श्री चौथ गणेश सेवा समिति ने सहयोग प्रदान किया।

**रक्तदान शिविर की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई :** रक्तदान शिविर की शुरुवात दीप प्रज्वलित के साथ की गई जिसमे वैध महेश चंद शर्मा, समाजसेवी भानू पाटनी, मुकेश मंत्री, अवनिंद्र व्यास, चेतन खंडेलवाल, कमल जैन, मोहित सैनी ने दीप प्रज्वलित किया, मुकेश उपाध्याय, डा राजेश शर्मा, फतेह सिंह बाफना, राजेंद्र सिंह झाला, पूर्व अध्यक्ष अनिल पोरवाल, रूप सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।

**रक्त का हुआ संग्रह :** 10 बजे से 5 बजे तक चले इस रक्तदान शिविर में कुल यूनिट रक्त संग्रहित हुआ, जिसमे एसआरजी ब्लड बैंक ने 40 यूनिट व रुधिरा ब्लड बैंक ने 61 यूनिट रक्त संग्रह किया।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालो को किया सम्मानित :** पिछले 40 वर्षो ने 3लाख से ज्यादा मरीजों का श्री शांतिनाथ औषधालय ने निशुल्क करने पर वैध महेश चंद शर्मा,

जान की परवाह किये बिना नहर में कूदकर ढाई साल की मासूम बच्ची की जान बचाने वाले वीर सरदार बलविंदर सिंह व सरदार तारासिंह , जिले के सेकड़ो बच्चो को निशुल्क तैराकी सीखाने वाले समाजसेवी अंतरिक्ष माथुर व पूरी टीम, सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले तूफान गुर्जर, जिले सहित सम्पूर्ण राजस्थान में श्रीकृष्ण गौशाला की छवि बनाने वाले दिलीप मित्तल अध्यक्ष श्री कृष्ण गौशाला, डा रामसेवक योगी आपके आने के बाद से मेडिकल कॉलेज को एक अलग पहचान मिली है आपके द्वारा अभी तक 300 से ज्यादा न्यूरो केमरीजों का इलाज कर राहत पहुंचाई है, पहले न्यूरो के मरीजों को कोटा ट्रास्फर कर दिया जाता था अब झालावाड़ में ही उनका पूर्ण इलाज आपकी वजह से संभव हो पाया है। आप सभी को टीम मंजुश्री संस्थान द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया ।

**देहदान और नेत्रदान का लिया संकल्प :** विशाल रक्तदान शिविर में आज झालावाड़ निवासी हरजिंदर सिंह ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया वही झालरापाटन निवासी अजय सोनी ने अपनी पत्नी शिखा सोनी तथा पूर्व पार्षद कपिल भील ने ,अकलेरा निवासी श्री मती शारदा शर्मा ने नेत्रदान व मयंक शर्मा नेमरणोपरांत अंगदान का संकल्प लिया।

**आयोजककर्ताओ ने किया आभार व्यक्त :** रक्तदान शिविर को सफल बनाने हेतु शिविर आयोजक मोमिया परिवार के सुरेश मोमिया पत्रकार व गौरव मोमिया एडवोकेट ने सभी रक्तवीरो , सामाजिक संस्थाओं व शिविर में सहयोग करने वाले टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# आपातकाल के सेनानियों का भाजपा ने मेवाड़ी पगड़ी, उपराना एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** आपातकाल के दौरान बंद रहे लोकतंत्र सेनानियों का भाजपा नगर मंडल द्वारा मंगलवार को सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। भाजपा नगर मंडल महामंत्री गजेंद्र बागमार ने बताया कि मिसा में बंद रहे सत्यनारायण पलोड एवं स्व. मोतीलाल चंडालिया की धर्मपत्नी पानबाई चंडालिया एवं उनके पुत्र पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री अशोक चंडालिया का भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया एवं नगर पालिका अध्यक्ष कपासन मंजू देवी सोनी की अगुवाई में मेवाड़ी,पगड़ी उपरना एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया इस अवसर पर नपा पार्षद एवं भाजपा नगर मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय,एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,दिनेश सोनी,मार्केटिंग सोसायटी संचालक मंडल के सदस्य एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद कपासन नंदकिशोर टेलर,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि



आशीष सोनी,रमेश विजयवर्गीय,कालूलाल रेगर, गीता देवी पलोड आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रोटरी महिला स्वरोजगार केंद्र का वार्षिकोत्सव संपन्न

# रोटरी क्लब कोटा ने सौंपे 127 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रोटरी महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का वार्षिकोत्सव मंगलवार को रोटरी बिनानी सभागार में संपन्न हुआ। प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में वर्षपर्यंत सिलाई, कंप्यूटर एवं ब्यूटी कल्चर में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 127 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। प्रीतम गोस्वामी, घनश्याम मूंदड़ा, नीतू मेहता ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।बालिकाओं एवं महिलाओं ने देश रंगीला.., घूमर.. टूटे बाजूबंद री लूम और ढोल बाजे.. सरीखे गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। क्लब अध्यक्ष प्रीतम गोस्वामी ने सम्बोधित करते हुए आगे बढ़ने और अपने लक्ष्यों को बनाने एवं उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया।



कार्यक्रम निदेशिका नीतू मेहता ने बताया कि केंद्र का संचालन रोटरी क्लब कोटा एवं रोटरी कम्युनिटी सर्विस द्वारा किया जाता है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सन 2010 से संचालित इस केंद्र में नाममात्र शुल्क पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। केंद्र की सिलाई प्रशिक्षिका सुनीता खेर, ब्यूटी कल्चर प्रशिक्षिका नीतू साहा एवं कंप्यूटर प्रशिक्षिका कीर्ति असनानी ने बताया कि अभी केंद्र में नई बालिकाओं और महिलाओं की प्रवेश प्रक्रिया चालू है। इसके सम्बन्ध में अगर कोई जानकारी चाहता है तो वह रोटरी बिनानी सभागार, शॉपिंग सेंटर, छावनी में संपर्क कर सकता है।

# मानसूनः पधारो म्हारे देस

## कोटा-उदयपुर संभाग से मानसून की एंट्री 3 दिन में कई इलाकों में दिखेगा असर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश में मानसून की एंट्री हो गई है। मानसून ने इस बार झालावाड़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, बारां, कोटा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, और उदयपुर के रास्ते एंट्री की है। इन संभाग के जिलों में बारिश भी अच्छी होने की संभावना है। राजस्थान में सामान्य तौर पर मानूसन 25 जून के आसपास ही प्रवेश करता है।

जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अभी परिस्थितियां मानसून के अनुकूल है। अगले दो से तीन दिन के अंदर मानसून पूर्वी राजस्थान के कुछ और जिलों जैसे टोंक, भीलवाड़ा, राजसमंद, जयपुर और सवाई माधोपुर समेत अन्य जिलों में भी प्रवेश कर सकता है।

मौसम विशेषज्ञों ने इस बार अच्छी बारिश होने की संभावना जताई है। पश्चिमी राजस्थान में अच्छी बारिश होने के संकेत हैं। वहीं पूर्वी राजस्थान में भी बारिश सामान्य से थोड़ी ज्यादा होने की भविष्यवाणी की है। इस बीच जयपुर में मंगलवार दोपहर बाद कई इलाकों में प्री मानसून की अच्छी बारिश हुई।

### 17 दिन से सिक्कम में अटका था

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश समेत मध्य और उत्तर भारत के राज्यों में मानसून बंगाल की खाड़ी ब्रांच से आता है। लेकिन इस सीजन मानसून ने पूर्वोत्तर भारत और केरल में साथ एंट्री की थी। जो निर्धारित समय से 2 दिन पहले हुई। 31 मई को ये आगे बढ़ा और सिक्किम, पश्चिमी बंगाल के उत्तरी हिस्सों तक आ गया, लेकिन 31 मई के बाद से 17 जून तक मानसून यही अटका रहा। इधर, अरब सागर की ब्रांच की गति भी 10 जून के बाद से थम गई थी।

### इधर, बिजली गिरने से किसान की मौत

टोंक। टोंक जिले के उनियारा थाना इलाके में खेत पर काम करते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। सोमवार शाम को यह हादसा हुआ, मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शोकरण गुर्जर (60) पुत्र प्रभुलाल गुर्जर सोमवार शाम करीब साढ़े 4 बजे पत्नी के साथ खेत पर गये थे। दोनों सरसों के डंटल एकत्रित कर रहे थे। इस दौरान शाम करीब 6 बजे मौसम बिगड़ा और हल्की बारिश शुरू हो गई। वे खेत से बाहर निकलते उससे पहले ही अचानक शोकरण गुर्जर पर आकाशीय बिजली गिर गई। इससे वह खेत में ही गिर पड़े। उनके कानों से खून बह निकला। शरीर की चमड़ी काली पड़ गई। उधर यह सब नजारा देखकर करीब 10 फीट दूरी पर ही काम कर रही उनकी पत्नी जोर से चिल्लाई। बाद में आसपास के लोग वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। फिर उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां किसान को मृत घोषित कर दिया गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



### 11 साल में केवल दो बार समय से पहले एंट्री

**पिछले 11 साल की रिपोर्ट देखें तो राजस्थान में 2 बार ऐसा रहा है, जब मानसून की एंट्री राज्य में समय से पहले हुई हो। साल 2013 में मानसून की एंट्री 13 जून को हुई थी, जो समय से करीब 10 से 13 दिन पहले रही। साल 2021 में भी मानसून की एंट्री 18 जून को हुई। साल 2021 में मानसून सामान्य से 17 फीसदी ज्यादा रहा। वहीं साल 2013 में मानसून के दौरान बारिश सामान्य से 26 फीसदी ज्यादा हुई थी। इन दोनों सालों में मानसून की समय से पहले एंट्री हुई थी। चार सीजन ऐसे थे, जब मानसून की एंट्री जुलाई के महीने में हुई।**


## 24 साल बाद भ्रष्टाचारी अधिकारी-ठेकेदार को सजा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** 24 साल पहले जलदाय विभाग में सामान खरीद में हुए लाखों रुपए के घोटाले में तीन अधिकारी व दो ठेकेदारों को 3-3 साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा 30 रुपए का जुर्माना लगाया है। इस मामले में स्टोर कीपर को बरी कर दिया। विशिष्ट न्यायालय भ्रष्टाचार निरोधक मामलात न्यायालय की विशिष्ट लोक अभियोजक शारदा गोयल ने बताया कि वर्ष 2000 में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग में समान की खरीद में लाखों रुपए का घोटाला हुआ था। इस मामले में न्यायाधीश अरूण कुमार बेरीवाल ने जलदाय विभाग के सहायक अभियन्ता शिवनारायण पोटर पुत्र चुन्नीलाल निवासी इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर, हरलाल पुत्र हरदानसिंह विकास नगर मथुरा गेट, भरतपुर, गिर्राज प्रसाद पुत्र बिहारी लाल169 साउथ वेस्ट ब्लॉक अलवर तथा ठेकेदार अभिषेक शर्मा पुत्र गोपाल नारायण शर्मा कम्पनी बाग के पास अलवर तथा अतुल पुत्र बदरी प्रसाद राजेन्द्र नगर दिल्ली को भ्रष्टाचार की धारा 13, 1 डी 1 में तीन साल की सजा व 20 हजार रुपए का जुर्माने के आदेश सुनाया है। धारा 120बी में तीन साल की सजा व 10 रुपए के दण्ड से दण्डित किया गया है। जबकि स्टोर कीपर सतीश अग्रवाल को दोषी नहीं माना। ये सभी अधिकारी सेवानिवृत हो चुके हैं।

## चांद के सबसे अंधेरे हिस्से से मिट्टी लाया चीन

### ऐसा करने वाला पहला देश बना, 2030 तक इंसानों को चांद पर भेजने का लक्ष्य



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** चीन का मून मिशन चांद की सतह से मिट्टी लेकर धरती पर पहुंच गया है। इसी के साथ वह पहला देश बन गया है, जो चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने में सफल रहा है। चीनी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन का चैंगई-6 लैंडर 53 दिन बाद कैप्सूल में सैंपल लेकर धरती पर लौटा है। चीन ने 3 मई को चैंगई-6 मिशन लॉन्च किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस प्रोब का लक्ष्य चांद के सबसे दूर वाले हिस्से (जहां अंधेरा होता है) पर जाकर सैंपल इकट्ठे करके इन्हें धरती पर भेजना था। चीन ने 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन भी उसी टारगेट का हिस्सा है।

अभी तक चांद पर जा चुके सभी 10 लूनर मिशन पास वाले हिस्से (जो हमें दिखता है) पर ही पहुंचे हैं। इनमें भारत और अमेरिका भी शामिल हैं। ऐसे में चांद ने फार साइड से सैंपल लाकर स्पेस रेस में अमेरिका को कड़ी चुनौती दी है। चैंगई-6 का री-एंट्री मॉड्यूल चीन के उत्तरी हिस्से में मंगलवार सुबह 11ः30 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) लैंड हुआ। इसके बाद एक सर्च टीम कुछ मिनटों के अंदर इस मॉड्यूल तक पहुंच गई। चीन के वैज्ञानिकों ने मिशन के सफल होने की जानकारी दी।

# इमरजेंसी लगाने वाले संविधान पर प्यार न जताएं : मोदी

## चिदंबरम बोले- इस बार दूसरी इमरजेंसी से बचने के लिए जनता ने वोट किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इमरजेंसी की आज 49वीं बरसी है। इससे एक दिन पहले 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में विपक्षी सांसदों ने संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली थी। इसे लेकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने ट्वीटर पर एक पोस्ट में लिखा कि इमरजेंसी लगाने वालों को संविधान पर प्यार जताने का अधिकार नहीं है।

पीएम मोदी ने एक के बाद एक ट्वीटर पर चार पोस्ट किए। उन्होंने कहा जिस मानसिकता की वजह से इमरजेंसी लगाई गई, वह आज भी इसी पार्टी में जिंदा है। इसके जवाब में कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि देश को दूसरी इमरजेंसी से बचाने के लिए जनता से इस बार वोट किया है। हमारे संविधान ने ही जनता को आने वाली एक और इमरजेंसी रोकने की याद दिलाई है।

चिदंबरम ने कहा कि जनता ने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के मंसूबों को कम करने के लिए वोट किया है। जनता ने इस तरह का मतदान कर कहा है कि कोई भी शासक संविधान के मूल ढांचे को नहीं बदल सकता है। भारत एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश बना रहेगा।

कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा कि इंदिरा गांधी में साहस था। उन्होंने घोषित आपातकाल लगाया था, लेकिन देश में 10 साल अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। किसान शहीद हो रहे हैं, मीडिया को दबा दिया गया है। विपक्ष के लोग अगर सवाल करते हैं तो उन्हें जेल भेज दिया जाता है।



### भाजपा नेताओं ने क्या-क्या कहा

**1. पीएम मोदीः** इमरजेंसी के समय जो भी कांग्रेस से असहमति जताता था उसे प्रताड़ित किया जाता था। सामाजिक रूप से इस तरह की नीतियां लागू की गईं, जिससे सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाया जा सके। ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लागू किया। इन्होंने प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए विधेयक लाया था। इन्होंने संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया था। लेकिन जनता की हरकतें समझ गई हैं। इसलिए बार-बार इन्हें चुनाव में हार मिलती है।

**2. अमित शाहः** देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस के द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इमरजेंसी के दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बांध दिए थे। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूं।

**3. जेपी नड्डाः** 25 जून 1975... यह वो दिन है जब कांग्रेस पार्टी के आपातकाल लगाने के राजनीतिक रूप से प्रेरित फैसले ने हमारे लोकतंत्र के स्तंभों को हिला दिया था और डॉ. अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को कुचलने की कोशिश की थी। इस दौरान जो लोग आज भारतीय लोकतंत्र के संरक्षक होने का दावा करते हैं, उन्होंने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में उठने वाली आवाजों को दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**4. राजनाथ सिंहः** आज से ठीक 49 साल पहले भारत में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा आपातकाल लगाया गया था। आपातकाल हमारे देश के लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है, जिसे चाह कर भी भुलाया नहीं जा सकता। सत्ता के दुरुपयोग और तानाशाही का जिस तरह खुला खेल उस दौरान खेला गया, वह कई राजनीतिक दलों की लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर बहुत बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। भारत की आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और लोकतंत्र की रक्षा में उनके योगदान को याद रखेंगीं।

**5. योगी आदित्यनाथः** कांग्रेस में चेहरे बदले होंगे, लेकिन उसका चरित्र और उसके हावभाव आज भी वही है, जो 1975 में थे। उस समय कांग्रेस का एक बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। कैसे उन्होंने संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके उसकी आत्मा को नष्ट करने का प्रयास किया था। कैसे कांग्रेस ने उस समय देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। आज भी कांग्रेस पार्टी में भले ही नेतृत्व बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है।

**6. ज्योतिरादित्य सिंधियाः** आज उस काले दिन को हमें मद्देनजर रखना चाहिए ताकि भविष्य में कभी भी ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो पाए। देश में प्रजातंत्र स्वस्थ्य, मजबूत रहे। देश का संविधान भाजपा, एनडीए सरकार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है.


## यूपी में पेपर लीक किया तो उम्रकैद तक होगी

### एक करोड़ का जुर्माना भी लगेगा; योगी कैबिनेट ने अध्यादेश को दी मंजूरी; 43 प्रस्ताव पास किए

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** यूपी में पेपर लीक को लेकर योगी सरकार ने बड़ा फैसला किया है। कैबिनेट ने मंगलवार को पेपर लीक अध्यादेश को मंजूरी दे दी। इसमें एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना और उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। अब इसे मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल के अनुमोदन के बाद अध्यादेश लागू हो जाएगा।

**योगी कैबिनेट ने कुल 43 प्रस्ताव पास किए**-पेपर लीक अध्यादेश के अलावा, महिलाओं, बच्चों और गैंगस्टर से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत की प्रक्रिया कठिन करने पर भी कैबिनेट ने मुहर लगाई है। सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई



कैबिनेट बैठक में कुल 43 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

**अयोध्या में 650 करोड़ की लागत से बनेगा संग्रहालय**- अयोध्या में 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री टूरिज्म फैलोशिप का प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। इसमें अभ्यर्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हैली पोर्ट बनाया जाएगा। बिजली विभाग में विद्युत निरीक्षक के अधिकार तय करने के लिए सरकार नियम बनाएगी। शकुंभरी देवी धाम की 0.369 हेक्टेयर जमीन को पर्यटन विभाग को विकास के लिए उपलब्ध किया जाएगा।

अयोध्या कैंट एरिया में 351.40 करोड़ से सीवेज योजना बनाए जाने पर भी मुहर लगी है। गोरखपुर में परमहंस योगानंद की जन्मस्थली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

## एमपी सरकार नहीं भरेगी मंत्रियों का इनकम टैक्स

**भोपाल।** एमपी में मंत्रियों का इनकम टैक्स अब प्रदेश सरकार जमा नहीं करेगी। इसका भुगतान अब मंत्री ही करेंगे। सरकार ने 1972 का नियम बदल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट ने मंगलवार को यह फैसला किया है। बैठक में सीएम डॉ. यादव ने इसका सुझाव रखा, जिस पर सभी ने सहमति दी है। सरकार ने पिछले 5 साल में 3.24 करोड़ रुपए टैक्स जमा किया था। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया, सीएम ने बैठक में कहा कि मंत्रियों को मिलने वाले भत्ते पर लगने वाला इनकम टैक्स राज्य सरकार देती है। इसमें सुधार किया जाना चाहिए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## दिल्ली जल संकट को लेकर आतिशी का अनशन खत्म

### देर रात तबीयत बिगड़ी थी, आईसीयू में भर्ती; संजय सिंह बोले- उनका शुगर लेवल 36 पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल संकट को लेकर मंत्री आतिशी का अनशन 5वें दिन खत्म हो गया है। आतिशी की सोमवार-मंगलवार (24-25 जून) की देर रात को तबीयत बिगड़ गई थी। आप नेताओं ने उन्हें तड़के करीब 3 बजकर 38 मिनट पर एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया।

मंगलवार सुबह संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आतिशी का अनशन अब खत्म हो गया है। उनका ब्लड शुगर लेवल 36 पहुंच गया है। यह मंगलवार देर रात 43 रिकॉर्ड किया गया था। एलएनजेपी अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि आतिशी आईसीयू में हैं। वे फिलहाल ठीक हैं। मंगलवार रात को ही उन्हें भर्ती होने की सलाह दी गई थी, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं मानी थी। आतिशी दिल्ली जल संकट को लेकर 21 जून से जंगपुरा के भोगल में अनशन पर बैठी थीं। उनकी हरियाणा से 100 एमजीडी पानी भेजे जाने की मांग है। हरियाणा से संधि के तहत 613 एमजीडी पानी भेजना होता है। आतिशी ने दावा किया था कि हरियाणा सरकार केवल 513 एमजीडी पानी ही भेज रहा है। इससे कारण दिल्ली के 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। आज हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली के हक का पानी दिलाने के लिए पत्र लिख रहे हैं। एलजी साहब ने भी हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात की है। जिसके बाद अब इस अनिश्चितकालीन अनशन को रोका जा रहा है। हम सभी विपक्षी दलों के साथ संसद में भी इसकी आवाज उठाएंगे। दिल्ली को तीन गुना ज़्यादा आबादी हो जाने के बावजूद साल 1994 में हुए समझौते के तहत पानी दिया जा रहा था, लेकिन अब उसमें भी कटौती की जा रही है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार ने 12 हजार किलोमीटर पानी की नई पाइपलाइन बिछाई। कैनाल को पक्का कराने के लिए 500 करोड़ रुपए खर्च किए। दिल्ली के लोगों को पानी देने के लिए आप की सरकार ने सभी प्रयास किए हैं।



दिल्ली की जनता ने लोकसभा चुनाव में सातों सांसद बीजेपी के जिताए और बीजेपी की सरकार ने दिल्लीवालों के हक का पानी ही रोक दिया। दिल्लीवालों को पानी दिलाने के लिए आतिशी ने तमाम प्रयास किए, लेकिन जब कोई हल नहीं निकला, तब उन्होंने यह अनशन शुरू किया। कल रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उनका शुगर लेवल गिरकर 36 पहुंचा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। आतिशी अभी आईसीयू में हैं।